प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-171 | सांध्य दैनिक | मथुरा, रविवार, 16 अगस्त 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


# तिरंगा निर्माण से ही महिलाओं ने कमाए 48 लाख रुपये

## 71 समूहों ने तैयार किए 2.40 लाख तिरंगे पंचायतों को एक पीस 20 रुपये में बेचा

## हर घर तिरंगा अभियान से महिला समूहों के हाथ लगा स्वरोजगार का बड़ा अवसर



हर घर तिरंगा अभियान के लिए तिरंगा बनाने में जुटीं महिला समूह की सदस्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान ने जहां लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाई, वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए यह अभियान आर्थिक मजबूती का जरिया भी बन गया। जिले में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े 71 महिला समूहों ने इस बार 2.40 लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार किए। इन तिरंगों को ग्राम पंचायतों को प्रति झंडा 20 रुपये की दर से उपलब्ध कराया गया। इससे महिला समूहों को कुल 48 लाख रुपये की आय हुई।

गांव—गांव तिरंगा पहुंचाने के लिए महिला समूहों को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी। समूहों से जुड़ी महिलाओं ने तय समय सीमा में बड़ी संख्या में झंडे तैयार किए। इसके बाद इन्हें ग्राम पंचायतों के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के लिए वितरित कराया गया। अभियान के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा फहराया गया। महिला समूहों को स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर तिरंगा बनाने का काम सौंपा गया था। जिले के 71 समूहों ने इसमें भागीदारी की। समूहों से जुड़ी महिलाओं ने 2.40 लाख तिरंगे तैयार किए। शासन की ओर से एक तिरंगे की कीमत 20 रुपये निर्धारित की गई थी। इसी दर से ग्राम पंचायतों को झंडे उपलब्ध कराए गए।

### महिला सशक्तिकरण को मिला नया मुकाम

सीडीओ डा. पूजा गुप्ता ने बताया कि ऐसे कार्यों से ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलता है। साथ ही समूहों की आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं और महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ती हैं। इस बार स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा निर्माण ने राष्ट्रभक्ति और महिला सशक्तीकरण को एक साथ जोड़ने का काम किया।

उपायुक्त स्वतः रोजगार इंद्रपाल सिंह ने बताया कि महिला समूहों द्वारा तैयार किए गए तिरंगे ग्राम पंचायतों को वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए थे। इससे समूहों को करीब 48 लाख रुपये की आय हुई है। यह धनराशि ग्राम स्तरीय संगठन के स्तर पर संबंधित खाते में पहुंचेगी और समूहों को उनके कार्य के आधार पर भुगतान किया जाएगा। तिरंगा निर्माण का काम महिला समूहों के लिए केवल आय का साधन नहीं रहा, बल्कि इससे उन्हें स्वरोजगार का अवसर भी मिला। महिलाओं ने समूह के स्तर पर काम करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तैयार किए और अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। पिछले वर्ष भी महिला समूहों ने लगभग इतनी ही संख्या में तिरंगे तैयार किए थे।

## औरंगाबाद में हुआ भीषण सड़क हादसा

# डंपर ने तीन लोगों को कुचला बच्ची सहित दो की मौत



लोगों को समझातीं सीओ सिटी आशना चौधरी।

### जाम के चलते ट्रैफिक किया डायवर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** बाजार में हुई इस भीषण दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने बाजार को बंद कर सड़क पर जाम लगा दिया। दुर्घटना करने वाले चालक को गिरफ्तार करने और बाजार में बड़े वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक और सदर बाजार थाने की पुलिस ने लोगों को समझा—बुझा कर जाम खुलवाया। पुलिस ने इस बीच शहर से जाने वाले यातायात को गोकुल बैराज और आगरा की ओर से आने वाले वाहनों को औरंगाबाद तिराहे से गोकुल बैराज होकर निकाला।

### महिला की हालत चिंताजनक, दो अन्य हुए चुटैल

### बाजार में मच गई अफरा तफरी, हादसे के विरोध में लगा जाम

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सदर बाजार के औरंगाबाद में शुक्रवार प्रातः तेज रफ्तार डंपर ने बाजार में टॉफी लेकर जाती बच्ची और दुकान के सामने बाइक पर खड़ी मां-बेटे को रौंद दिया। बच्ची और युवक की मौके पर ही मौत हो गई, मां की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है। दुर्घटना से बाजार में अफरा—तफरी मच गई, दुकाने बंद हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में सड़क को जाम कर दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई।

औरंगाबाद बाजार में रोज की तरह दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी। बाजार में लोग खरीदारी कर रहे थे। बताया गया कि करीब आठ बजे बाजार में एक दुकान के आगे आकर बाइक रुकी। बाइक पर मां और बेटा था। बेटा बाइक को रोककर दुकानदार से बात कर रहा था। मां बाइक पर बैठी हुई थी। वहीं एक बच्ची टॉफी खरीद कर दुकान से घर के लिए जा रही थी। इसी दौरान मथुरा की दिशा से तेज रफ्तार से आते डंपर ने बाइक स टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों सड़क पर गिर गए। चालक ने डंपर को रोका नहीं और आगे बढ़ा दिया। डंपर का पहिया युवक के सिर पर और महिला के आधे शरीर पर होता हुआ निकल गया। वहां से गुजरती बच्ची की भी हादसे में मौत हो गई। हादसे को देख बाजार में अफरा—तफरी मच गई। दुकानों पर सामान खरीदते लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। बाजार में चीख पुकार मच गई। बताया गया औरंगाबाद निवासी इमरान की छह साल की बेटी आयर की मौके पर मौत हो गई। वहीं औरंगाबाद की श्री जी कॉलोनी निवासी युवक प्रशांत (20)की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। प्रशांत की मां गीता देवी (40) को गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना करने के बाद डंपर को छोड़कर चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हाइवे पर चलती कार बनी आग का गोला, चालक सुरक्षित

**यूनिक समय, फरह।** रविवार को थाना क्षेत्र के गांव रैसू गढ़ी के पास नेशनल हाईवे—19 पर चलती कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कार धूं—धूं कर जल उठी, जिससे हाईवे पर अफरा—तफरी मच गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कार को तुरंत सड़क किनारे रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आग के कारण हाइवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## पांच साइबर ठग गिरफ्तार

### आठ मोबाइल, 76 सिम और नौ फर्जी आधार बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस की तीन टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करके ऑन लाइन साइबर ठगी करने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनसे आठ मोबाइल, 76 फर्जी सिम, नौ फर्जी आधार कार्ड बरामद किए हैं।

कोतवाली पुलिस, स्वाट, एसओजी टीम ने संयुक्त रुप से कार्रवाई कर के मोती मंजिल के सामने चाय के खोखे के पास से निसार निवासी घाटिया नीचे मौहल्ला लेबड़ा थाना कामा जनपद डीग राजस्थान, खालिद निवासी पोखर के पास विशम्भरा शेरगढ़, इसांफ निवासी गोली मौहल्ला विशम्भरा, तालिम निवासी खैरीज मौहल्ला विशम्भरा, तोफीक निवासी बड़ी तकिया के सामने विशम्भरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त साइबर ठगी के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करके यूपीआई के माध्यम से लोगों से खातों में धन को ट्रांसफर कराते है। इसके साथ ही मोबाइल में फर्जी सिम डालकर लोगों को अपने जाल में फंसाते है।

# केंद्रीय गृहमंत्री की पत्नी ने द्वारकाधीश मंदिर में किए दर्शन




द्वारिकाधीश मंदिर में सोनल शाह का स्वागत करते मंदिर के प्रबंधक अशोक कुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह रविवार को परिवार के सदस्यों के साथ धार्मिक यात्रा पर मथुरा पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में ठाकुर द्वारकाधीश के दर्शन कर पूजा—अर्चना की और आशीर्वाद लिया।

दर्शन—पूजन के बाद मंदिर के महाप्रबंधक अशोक कुमार शर्मा ने पारंपरिक रीति—रिवाज के साथ सोनल शाह का स्वागत किया। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने उन्हें द्वारकाधीश मंदिर के ऐतिहासिक-धार्मिक महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत शर्मा का स्वागत किया। सोनल शाह ने कहा कि करीब दो वर्ष पूर्व भी उन्हें द्वारकाधीश मंदिर आने का अवसर मिला था आज दोबारा ठाकुर जी के दर्शन कर वह स्वयं को धन्य महसूस कर रही हूं। इस मौके पर मंदिर के सहायक अधिकारी सत्यनारायण शर्मा, सोनल शाह के तीर्थ पुरोहित पुरुषोत्तम तिवारी, उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। दूसरी ओर गोवर्धन में गृह मंत्री की धर्मपत्नी ने गिरिराज महाराज के दर्शन किए।




# बांकेबिहारी के झूला दर्शन को उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरियाली तीज पर ऐतिहासिक रत्नजड़ित स्वर्ण–रजत हिंडोले में विराजमान ठाकुर श्रीबांकेबिहारी। ठाकुर जी के दर्शनों को उमड़ी भीड़।

**यूनिक समय, वृंदावन।** हरियाली तीज पर आराध्य ठाकुर श्रीबांकेबिहारी ऐतिहासिक रत्नजड़ित स्वर्ण–रजत हिंडोले पर विराजमान हुए। साल में एक बार होने वाले इस विशेष झूला दर्शन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे। इस बार 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया है।

### स्वर्णाभूषण धारण करके स्वर्ण-रजत हिंडोले पर विराजे ठाकुरजी

### दर्शन को उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

तीज पर ठाकुरजी ने दिल्ली से मंगाई गई विशेष हरे रंग की जड़ाऊ पोशाक और रत्नजड़ित स्वर्णाभूषणों से सुसज्जित होकर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर परिसर और आसपास सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। बुजुर्गों के साथ युवा और जेनजी भी दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़े नजर आए।

करीब 79 वर्ष पुराने इस हिंडोले पर ठाकुरजी विराजे। इसका निर्माण 1942 से 1947 के बीच बनारस के कारीगरों ने किया था। करीब पांच टन वजनी हिंडोले में लगभग 10 हजार तोले सोना और एक लाख तोले चांदी का इस्तेमाल हुआ है। इसमें मयूर, आकर्षक खंभे, घुमावदार सीढ़ियां और सखियों की आकृतियां इसकी भव्यता बढ़ाती हैं। करीब 25 वर्ष बाद हिंडोले का नवीनीकरण कराया गया। जयपुर के 28 कारीगरों ने 22 दिन में सफाई, मरम्मत और पॉलिश का काम पूरा किया। इसमें करीब एक किलो सोना लगा और लगभग डेढ़ करोड़ रुपये खर्च हुए।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुबह सात से दोपहर दो बजे और शाम 4:15 से रात 11 बजे तक दर्शन की व्यवस्था रही। सुरक्षा के लिए वृंदावन को चार सुपर जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया। बाहरी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा और मंदिर मार्ग को नो व्हीकल जोन रखा गया। झूला विहार के बाद ठाकुरजी के विश्राम के लिए सुखसेज सजाई गई और विशेष भोग अर्पित किया गया।

## मंदिर क्षेत्र में डीएम–एसएसपी ने परखी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था

**यूनिक समय, मथुरा।** हरियाली तीज पर ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से वृंदावन की सड़कें जाम हो गईं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने एक दिन पहले मंदिर क्षेत्र का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने मंदिर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों, संकरी गलियों और प्रवेश–निकास द्वारों की व्यवस्थाएं परखीं। भीड़ के दबाव को देखते हुए यातायात सुचारु रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके बाद दोनों अधिकारी सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंचे और कैमरों के माध्यम से भीड़ की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।











## स्वर्ण हिंडोले पर झूलीं राधारानी उमड़ा भक्तों का सैलाब

### बरसाना शोभायात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### आरती के बाद गर्भगृह में लौटे श्रीविग्रह



**यूनिक समय, बरसाना।** हरियाली तीज पर बरसाना की धरती राधारानी की भक्ति में सराबोर नजर आई। लाडली जी मंदिर में स्वर्ण हिंडोले पर विराजमान राधा–कृष्ण की मनोहारी झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हरी पोशाक और आकर्षक श्रृंगार में सजे राधा–कृष्ण की एक झलक पाने के लिए भक्तों में उत्साह दिखाई दिया। मंदिर परिसर दिनभर राधे–राधे के जयकारों से गूंजता रहा।

सुबह से ही देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु बरसाना पहुंचने लगे। भक्तों ने गहवरवन की परि क्रमा की और लाडली जी के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। करीब आठ बजे सेवायतों ने राधा–कृष्ण के श्रीविग्रह को गर्भगृह से बाहर जगमोहन में स्थित प्राचीन स्वर्ण हिंडोले पर विराजमान कराया। स्वर्ण–रजत जड़ित हिंडोले पर सजी झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सेवायतों ने वृषभान नंदिनी को सतरंगी छप्पन भोग अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने राधारानी को घेवर और श्रृंगार सामग्री भेंट की। शाम को राधा–कृष्ण के श्रीविग्रह की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। फूलों से सजे डोले को गोस्वामी समाज के युवक कंधों पर उठाकर सफेद संगमरमर की छतरी तक ले गए। इस दौरान वैदिक मंत्रों का उच्चारण होता रहा।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में नजदीक से दर्शन पाने की होड़ रही। सफेद छतरी पर राधा–कृष्ण को विराजमान कर पूजा–अर्चना की गई। गोस्वामी समाज ने सावन के मल्हारों के पद प्रस्तुत किए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। देर शाम कुंवारी कन्याओं ने राधारानी की आरती उतारी। इसके बाद श्रीविग्रहों को वापस गर्भगृह में विराजमान करा दिया गया। श्रद्धालु दर्शन कर खुद को धन्य मानते रहे।

## रोक के बाद वृंदावन में अंदर घुसे वाहन

### कई चौराहों पर जाम लगा, लोग फंसे

**यूनिक समय,वृंदावन।** तमाम प्रयासों के बाद भी नगर के अंदर जाम की स्थिति दिखाई दी। सोचने वाली बात तो यह रही कि पुलिस प्रशासन ने जाम से जनता को बचाने के लिए बाहर से आने वाले वाहनों को पार्किंग स्थल बना दिए और वहां गाड़ियों को खड़ा भी कराया गया, लेकिन अनेक गाड़ी के मालिकों ने वृंदावन में अंदर घुसने वाले रास्ते देख रखें हैं, वह उन रास्तों से अंदर पहुंच गए। इस कारण चुंगी चौराहा, अटल्ला चुंगी चौराहा, रमणरेती पुलिस चौकी चौराहा, प्रेम मंदिर के सामने समेत अन्य जगहों पर जाम में फंसे लोग कराहते नजर आए। चैतन्य विहार जाने वाले सौ फुटा पुल पर कल शाम को यातायात बुरी तरह से बाधित हो गया। पुलिसकर्मियों को वाहनों को रोकने के लिए काफी मशक्कत करते हुए देखा गया।

### होटल और गेस्ट हाउस फुल

**यूनिक समय, वृंदावन।** हरियाली तीज और रविवार का अवकाश होने के कारण वृंदावन में आई श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण होटल और गेस्ट हाउस फुल नजर आए। जिसको जहां होटल और गेस्ट हाउस मिला, वह वहीं ठहर गया। रुम लगाने वाले युवकों ने भी दो दिन में खूब कमाई की। कई श्रद्धालुओं की मानें तो ई-रिक्शा चालकों ने तय रेट से अधिक किराया वसूला।

## ललित कुंज आश्रम में मनाई हरियाली तीज

**यूनिक समय, वृंदावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित ललित कुंज आश्रम में हरियाली तीज का पर्व मनाया गया। स्वामी हरिदासीय पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में ठाकुर जी को विशेष रूप से सजाया गया। भजन गायक विष्णु बावरा ने सावन के मल्हार प्रस्तुत कर ठाकुर जी के समक्ष भक्ति की रसधारा प्रवाहित की। भजनों की मधुर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। आश्रम के महंत मोहिनी बिहारी शरण ने बताया आश्रम की ओर से स्कूली बच्चों को बिस्कुट और कॉफी का वितरण किया गया।

# अफसरों की अनदेखी, कीचड़,दल–दल में सिमटी गांव की सड़क

**यूनिक समय, फरह।** समस्याओं को उठाने वालों को मुकदमा दर्ज कराकर डराने का काम रहे पंचायत राज विभाग और विकास से जुड़े अधिकारी दो साल से राह को कीचड़ मुक्त नहीं कर पाए हैं। समस्या को देखकर गांधारी बने अधिकारियों की उदासीनता से आंगनबाड़ी और पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चे कीचड़ से होकर निकलने को विवश हैं। अधिकारियों की उदासीनता से केवल बच्चे ही नहीं, ग्रामीण भी बेहाल हैं। सड़क पर कीचड़ का बसेरा होने से आधा दर्जन गांवों से जोड़ने वाला रास्ता अब दल-दल में तब्दील हो चुका है।



गांव बेगमपुर के तिराहे पर पाठशाला के सामने कीचड़ से निकलकर जाती वृद्ध महिला।

यहां बात हो रही है फरह ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेघपुर शामिल गांव बेगमपुर की। इस गांव का मुख्य तिराहा करीब दो साल से कीचड़ से घिरा है। इसी तिराहे के पास प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जहां बच्चों को इसी कीचड़ से होकर आना-

### गांव का रास्ता हुआ खराब पाठशाला आंगनबाड़ी के बच्चे बेहाल

### दो साल से बनी हुई है समस्या, बीडीओ-डीपीआरओ हो गए लापरवाह

जाना पड़ता है। कीचड़ की वचह से राह निकलते समय बच्चों के पैर और कपड़े खराब होते हैं, साइकिल सवार भी इसमें गिरते रहते हैं।

दो साल से बनी इस समस्या के निदान के लिए ग्रामीण, प्रधान ने बीडीओ से लेकर डीपीआरओ तक दुखड़ा रोया है, लेकिन जिम्मेदारों ने गांव के ऐसे हालात को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। गांधारी बन चुके ऐसे अधिकारियों की वजह से इस गांव के बच्चे, बुजुर्ग महिला-पुरुष और दिव्यांग आदि आज भी गंदगी में होकर निकलने को मजबूर है ।

रविवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल गांव के नारकीय हालात वाले फोटो की जानकारी के लिए प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश यादव से बात की गई तो बताया कि गांव बेगमपुर में यह समस्या दो साल से है। इस तिराहे का कौह, जोधपुर, मेघपुर, मिर्जापुर, के अलावा अछनेरा- फरह मार्ग से जुड़ाव है। दो साल से वह बीडीओ और डीपीआरओ को शिकायत दे रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रधानमंत्री सड़क योजना में बना यह मार्ग दो साल से कीचड़ से घिरा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। गुरुकुल आने वाले भी इस समस्या से त्रस्त हैं।

इस समस्या के बारे में जानकारी करने को बीडीओ प्रवीन कुमार झा के मोबाइल पर संपर्क किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। व्हाट्सअप पर भेजे गए फोटो और संदेश को देखकर भी बीडीओ ने उत्तर देना बेहतर नहीं समझा। डीपीआरओ धनजंय जायसवाल ने समस्या की जानकारी करने की बात जरूर कही।

# रक्षाबंधन पर छह दिन चलेंगी अतिरिक्त बसें

**यूनिक समय, मथुरा।** रक्षाबंधन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों को चलाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। 26 अगस्त से 31 अगस्त तक रक्षाबंधन प्रोत्साहन अवधि के रूप में अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए आगरा क्षेत्र के सभी प्रमुख रूटों पर बसों की संख्या और फेरे बढ़ाए जाएंगे। बसों के साथ बस स्टेशनों की साफ–सफाई व्यवस्था भी बेहतर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आगरा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि रक्षाबंधन

### जयपुर के लिए 10 और दिल्ली के लिए 20 बसें बढ़ेंगी, लोकल रूटों पर भी बढ़ाए जाएंगे फेरे

के दौरान यात्रियों की भीड़ की उम्मीद होने की संभावना है। इसे देखते हुए जयपुर मार्ग पर 10 और दिल्ली मार्ग पर 20 अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी।

लोकल रूटों पर भी यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसें लगाई जाएंगी। जिन मार्गों पर सामान्य दिनों में दो फेरे होते हैं, वहां आवश्यकता के अनुसार तीन–तीन फेरे कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रोत्साहन अवधि में निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करने वाले संविदा चालक, परिचालक और आउटसोर्स कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। 1800 किलोमीटर से अधिक दूरी अर्जित करने वाले संविदा चालकों, परिचालकों और आउटसोर्स कार्मिकों को 55 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देय होगी। कर्मचारियों को अधिक से अधिक बस संचालन के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि त्योहार के दौरान यात्रियों को बसों की कमी का सामना न करना पड़े। भीड़ वाले मार्गों पर मांग के अनुसार बसों का संचालन किया जाएगा।

## हरिओम पहलवान ने बिना लड़े आखिरी कुश्ती जीती

**यूनिक समय, राया।** कगोंगा मार्ग पर स्वतंत्रता दिवस-हरियाली तीज पर कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। हरिओम पहलवान ने बिना लड़े आखिरी कुश्ती जीत ली। दंगल का शुभारंभ आयोजक केहरी सिंह पहलवान ने दो पहलवानों के मध्य हाथ मिलवाकर किया। विजयी पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दंगल में रंजीत पहलवान खजूरी और अनिल पहलवान कुमरपुर, लालू सातरूक और अभय पहलवान सोंख ने अपने प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को हराकर जीत हासिल की। भोला एदलपुर, सोनू सोंख , विश्वजीत विचपुरी, मनीष तिरवाया , आकाश मथुरा, सचिन सारस , मनीष गुडेरा, मोहित कोसी , सूरज मिर्जापुर, ललित मंशादेवी, आकाश खिरारी, देवेश नीमगांव की कुश्ती बराबरी पर रही। अंतिम कुश्ती में हरिओम पहलवान से लड़ने कोई पहलवान नही आया। दंगल कमेटी ने हरिओम पहलवान को विजयी घोषित कर दिया।

## पशु पैंठ में व्यापारियों से मारपीट पैठ में पशु बेचने आने पर दी धमकी

**यूनिक समय,कोसीकलां।** नगर में रविवार को सराय निकासा पशु पैंठ बाजार में एक पशु व्यापारी और उसके बुजुर्ग दादा के साथ मारपीट की गई। विवाद की वजह पड़िया को कम कीमत पर न देना बताया गया है। मारपीट में 35 हजार 500 रुपये गिरने की भी बात कही गई है।

छाता कोतवाली के गांव दौताना निवासी राशिद रविवार को नगर के पशु बाजार में पशुओं की खरीद–फरोख्त करने आता है। रविवार की सुबह वह अपने दादा साबिर के साथ पैंठ में पड़िया बेचने आया था। नाडूवास निवासी मुनिया वहां आया, पड़िया की कीमत 27 हजार 500 रुपये मांगने पर मुनिया जबरन 24 हजार रुपये देने की जिद करने लगा। मना करने पर वह भड़क गया और गाली–गलौज करने लगा। इसके बाद वह अपने 5–6 अज्ञात साथियों को बुला कर लाया और दादा-पोते के साथ बुरी तरह से मारपीट करने लगा। बचाने आए चाचा आजाद उर्फ पिन्नू के साथ भी मारपीट की। मारपीट में उसके कपड़े फट गए और जेब में रखे 35 हजार 500 रुपये भी गिर गए। हमलावरों ने धमकी देते हुए कहा कि अगर दोबारा पशु पैंठ में पशु बेचने आए या थाने में शिकायत की तो जान से मार देंगे। थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## लिव इन रिलेशन का झांसा देकर नकदी और जेवरात ठगे

**यूनिक समय,कोसीकलां।** बठैनकलां के एक युवक को पलवल की एक युवती ने लिव इन रिलेशन में रहने का झांसा देकर 65 हजार रुपये और 70 हजार रुपये के जेवर ठग लिए। युवक ने कोतवाली छाता में इस मामले में तहरीर दी है।

युवक आकाश का कहना है कि उसका पत्नी से तलाक हो गया था। तलाक होने के बाद पलवल के रहने वाले जीतू ने उसकी मुलाकात सपना नाम की युवती से कराई। जीतू ने बताया था कि सपना

### महिला और उसके साथी ने युवक को ठगा

भी तलाकशुदा है। उसके साथ रहने से बच्चों का पालन–पोषण अच्छा हो जाएगा।

21 जुलाई को जीतू ने उसे पलवल कोर्ट ले जाकर वहां दोनों का लिव–इन रिलेशन में रहने का एग्रीमेंट बनवाकर वकील के नाम पर 40 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद वह सपना को अपने घर ले आया। आकाश का कहना है कि चार दिन बाद 29 जुलाई को सपना घर से सोने–चांदी के जेवर लेकर चली गई। बाद में फोन कर एग्रीमेंट रद्द कराने के बहाने फिर 25 हजार रुपये वकील को दिलवा दिए। इस तरह 65 हजार रुपये ठगे लिए। अब सपना तीन लाख रुपये मांग रही है। पैसे न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दे रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बंदी के दौरान राया में बिकी शराब पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**यूनिक समय, राया।** थाना क्षेत्र में अलग अलग तीन स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस पर शराब बंदी के दौरान तीन लोगों को शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान बरेली हाइवे सादाबाद सर्विस मार्ग से शिवम पुत्र संतोष निवासी रेतिया बाजार राया को पकड़ लिया, जिसके कब्जे से 18 पैकेट नगीना देशी शराब बरामद किए है। कस्वा प्रभारी इंतजार अली ने गणेशबाग जाने वाले मार्ग से रूपकिशोर निवासी ग्राम तिरवाया को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 18 पैकेट नगीना देशी शराब बरामद की है। चौकी विचपुरी के सोनई क्षेत्र में गुडेरा मार्ग के खोजिया के समीप बनबारी पुत्र इंद्रजीत निवासी गुडेरा को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 22 पैकेट नगीना ब्रांड देशी शराब बरामद की है। सोनई क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पर शराब बंदी के दौरान चोरी छिपे शराब बिक्री की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ आरोपियों द्वारा अभद्रता का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

## मनकामेश्वरी मंदिर पर मनाया तीज महोत्सव

**यूनिक समय, राया।** गणेशबाग स्थित मनकामेश्वरी मंदिर पर हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रातः मंदिर पर फूल बंगला सजाया। माता मनकामेश्वरी ने हरी पोशाक धारण कर झूले में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए। मंदिर परिसर में झूलनोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर मनोज नागर, अभिषेक पाराशर ,विशाल पाराशर, ललितमोहन गुप्ता, चन्द्रशेखर सिंह और पुनीत चौबे आदि उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर युवक ने किया साल भर दुष्कर्म

**यूनिक समय, कोसीकलां।** थाना क्षेत्र के एक युवक पर इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती कर शादी का झांसा देकर महिला से एक साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा है। विरोध करने पर युवक के परिजनों ने युवती के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि करीब एक साल पहले इंटरनेट मीडिया इंस्टाग्राम पर बठैन खुर्द निवासी मनीष से उसकी दोस्ती हुई थी। मनीष उसे गोवर्धन बुलाकर एक होटल में ले गया और शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह लगातार शादी का झांसा देकर अलग–

### शादी की बात करने पर परिवारीजनों ने की मारपीट

अलग जगहों पर मिलता रहा और शारीरिक शोषण करता रहा। आरोपी मनीष गुरुग्राम में नौकरी करता है, कन्हई गांव में किराए पर रहता है। 12 अगस्त को उसने उसे गुरुग्राम स्थित कमरे पर बुलाया। वहां पहले से आरोपी का भाई, मां और बहन मौजूद थे। उनके सामने शादी की बात की तो सभी भड़क गए और उन सभी ने लात–घूसों से मारपीट कर उसे भगा दिया। धमकी दी कि अगर दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो जान से मार देंगे। महिला की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर कर रही है।




# डीएम ने अधिकारियों–कर्मचारियों को दिलाई शपथ


कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पर ध्वजारोहण करते डीएम चंद्रप्रकाश सिंह।


नगर निगम के भूतेश्वर स्थित नवीन कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान के दौरान नगर आयुक्त ओजस्वी राज।


पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान में ध्वजारोहण के दौरान कुलपति डॉ. अभिजित मित्र।


राजीव भवन में आयोजित कार्यक्रम में सीडीओ डा. पूजा गुप्ता आदि।


जिला कारागार में ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को सलामी देते जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग।

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किए गए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली।

कलेक्ट्रेट में डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों- कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

राजीव भवन पर सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। डीडीओ गरिमा खरे, परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय, उपायुक्त वीबी जी रामजी विजय कुमार पांडेय, उपायुक्त स्वतः रोजगार इंद्रपाल सिंह समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं, ध्वजारोहण के बाद युवा कल्याण विभाग और जवानों ने हर घर तिरंगा बाइक रैली निकाली, जिसे सीडीओ ने हरी पताका दिखाकर रवाना किया।

नगर निगम के भूतेश्वर स्थित नवीन कार्यालय परिसर में नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगीत- राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। नगर आयुक्त ने पार्षदों, अधिकारियों- कर्मचारियों को राष्ट्र की स्वतंत्रता,

## राजीव भवन में सीडीओ ने किया ध्वजारोहण, पीआरडी जवानों ने निकाली बाइक रैली

एकता- अखंडता के मूल्यों को बनाए रखने, देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। पौधारोपण के बाद अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, मुख्य अभियंता संजय सिंह चौहान आदि अधिकारियों ने नगर आयुक्त का स्वागत किया। छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सेंट पॉल स्कूल डेम्पियर नगर के छात्र–छात्राओं द्वारा देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य की प्रस्तुति दी गई, हजारीमल सोमानी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। पार्षद राजीव, गुलशन, गुलवीर ने विचार व्यक्त किए गए। रमाशंकर पांडे ने देशभक्ति से ओत–प्रोत कविता का भावपूर्ण पाठ किया। कार्यक्रम में पार्षद, अपर नगर आयुक्त सुनीता कुमारी, अधिकारी-कर्मचारीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर निगम के वृंदावन, औरंगाबाद और जनरल गंज स्थित जोनल कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। अधिकारियों-


ध्वजारोहण के बाद जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में मौजूद अधिकारी- कर्मचारी।

कर्मचारियों ने संकल्प लिया।

जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर जगबीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के कोऑर्डिनेटर खेमचंद शर्मा नगेश, कैप्टन जवाहरलाल, मनोज कुलश्रेष्ठ वरिष्ठ लिपिक, बांके बिहारी शर्मा पीएलए विधिक, वीर नारी रचना, सुधा, सीमा, त्रिवेणी, शशि, सदाशिव, सूरज आदि थे।

जिला कारागार में जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने कारागार की मुख्य प्राचीर पर ध्वजारोहण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव की ओर से कारागार अधीक्षक को सुधार कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र दिया गया। उन्होंने अतिरिक्त महानिदेशक कारागार की ओर से स्वीकृत देव दत्त जेल वार्डर को रजत मेडल, संदीप यादव जेल वार्डर को सिल्वर मेडल, सुमंत कुमार जेल वार्डर को सिल्वर मेडल ध्वजारोहण के बाद प्रदान किए गए। कारागार के अंदर बंदियों के मध्य कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ध्वजारोहण किया। जेल अधीक्षक ने अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों और समाजसेवियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ताओं को भी प्रशंसा पत्र दिए गए। कारापाल सुरेन्द्र मोहन सिंह, चिकित्साधिकारी डा. उपेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, उत्पल सरकार, उपकारापाल दुर्गेश प्रताप सिंह, रवीन्द्र कुमार , हेमराज, मयंक त्रिपाठी फार्मासिस्ट सोहन स्वरूप सारस्वत, शिक्षा अध्यापक सुरेन्द्र चौधरी, अन्य कारागार कार्मिक उपस्थित रहे।

उप्र. पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो–अनुसंधान संस्थान (डुवासु) में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह-गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अभिजित मित्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

स्वतंत्रता दिवस पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद और मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण के कार्यालयों में गरिमामय समारोह आयोजित कर ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान और देशभक्ति के भावों के बीच अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों और शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय भवन पर परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी ली। इस अवसर पर परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव दीक्षित, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश चंद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं, राजकीय संग्रहालय स्थित मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण के कार्यालय में उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सचिव आशीष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम, अमरदीप सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ‘कर्म पथ’ ने ताजा की रणछोड़ लाल कातिब की स्मृतियां

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर बंगाली घाट स्थित यमुना महल में संस्कार, संस्कृति और कर्तव्यनिष्ठ जीवन को समर्पित समारोह आयोजित हुआ। भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष रामकिशन पाठक ने अपने स्व. पितामह रणछोड़ लाल कातिब के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर उनकी स्मृति में प्रकाशित पुस्तक ‘कर्म पथ’ का विमोचन कराया।

समारोह में कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह, गोवर्धन विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, मथुरा जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन निरंजन धनगर सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे। गोपाल वैष्णव पीठाधीश्वर आचार्य यदुनंदन बाबा ने वैदिक परंपरा के अनुसार दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथियों ने रणछोड़ लाल कातिब के जीवन और सामाजिक योगदान को याद करते हुए संस्मरण साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि ‘कर्म पथ’ केवल जीवन परिचय नहीं, बल्कि संस्कारों और सनातन मूल्यों की स्मृति–धरोहर है। पुस्तक में उनके जीवन–वृत्तांत के



कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण।

साथ धार्मिक एवं संस्कारपरक परंपराओं का भी उल्लेख है। वक्ताओं ने कहा कि बदलते दौर में नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने के लिए ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। विमोचन के दौरान सभागार तालियों से गूंज उठा। बालकृष्ण पाठक, राजेंद्र पाठक, मोहित आचार्य, मयंक पाठक, रौनक चतुर्वेदी, रामकिशन पाठक ने सभी का आभार प्रकट किया।

समारोह में महानगर कार्यवाह विजय बंटा, बसंत शास्त्री, लालजी शास्त्री, रामदास चतुर्वेदी, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, मनोज फौजदार, गोकुल चेयरमैन संजय दीक्षित, लोकेश तायल, नितिन चतुर्वेदी, राजू चौधरी, संतकुमार, करतार सिंह, अजय राजावत, डीजीसी शिवराम सिंह, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, शिवकुमार लवानिया, देवेंद्र चतुर्वेदी, सुनील चतुर्वेदी, ललित गौतम, संजीव चतुर्वेदी, योगेश आवा, पार्षदगण अंकुर गुर्जर, हनुमान गुर्जर, संजय अग्रवाल, सुभाष यादव, विकास दिवाकर, यतेंद्र माहौर, मुनेश दीक्षित, तरन कुमार सैनी, अधिवक्ता बृजेश, मनोज चतुर्वेदी, राजू चतुर्वेदी अध्यक्ष, बल्लू गुरु, बउआ गुरु, सुमित पाठक, अमित पाठक, मन्नू भाई, ग्वाला भाई, अक्षय भाई, सहित रेनू चतुर्वेदी, अनुराग चतुर्वेदी, विपिन चतुर्वेदी, राखी चतुर्वेदी, संगीता चतुर्वेदी, सुषमा, सुमन, सुनीता, गंगा देवी, छाया रावत और अनुपमा चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन-श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## शताब्दी वर्ष पर यमुना महल में हुआ पुस्तक विमोचन समारोह

## एसएफ स्ट्रीट स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**यूनिक समय, मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी के बैनर तले संचालित एस.एफ. स्ट्रीट स्कूल के बच्चों के साथ पंडित लाटूर प्रधान फार्म हाउस पर स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम में श्री अग्र बंधु सेवा मंडल के सम्मानित सदस्य भी मौजूद थे। शुरुआत संस्था की अध्यक्ष शिखा बंसल, श्री अग्र बंधु सेवा मंडल के सदस्यों ने ध्वजारोहण के साथ की। सभी बच्चों को खाद्य सामग्री एवं उपहार वितरित किए। श्री अग्र बंधु सेवा मंडल के संस्थापक चिराग अग्रवाल, संस्थापक पियूष बंसल , वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए।

# बोस्टन में फहरा तिरंगा

**यूनिक समय, वृंदावन ।** यूएसए के बोस्टन में रह रहे अप्रवासी भारतीयों ने भी स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति की भावना प्रदर्शित की । देवकीनंदन के साथ दर्जनों अप्रवासी भारतीय परिवारों ने राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जय के जयकारे लगाए।

सनातन संवाद-धर्म प्रचार के लिए यूएसए यात्रा पर गए भागवत प्रवक्ता देवकीनंदन ठाकुर ने शनिवार को अप्रवासी भारतीयों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। आयोजन में विश्व शांति सेवा चैरीटेबल ट्रस्ट सचिव विजय शर्मा, पंकज शर्मा, संजीव पटेल, सुनीता शर्मा, परिमल, राजेश शुक्ला, संजीव त्रिपाठी, डा. मुकेश पटेल, राकेश बरला, शेखर मल्होत्रा आदि मौजूद थे।


स्वतंत्रता दिवस पर बोस्टन में अप्रवासी भारतीयों के साथ तिरंगा फहराते धर्माचार्य देवकीनंदन।

## स्वतंत्रता दिवस पर अतिथियों का सम्मान

**यूनिक समय, वृंदावन।** कैलाश नगर स्थित सत्या देवी गर्ग सरस्वती विद्या मंदिर में अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र दत्त शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया। अध्यक्ष चंद्र प्रसाद द्विवेदी, प्रबंधक डॉ. राकेश सारस्वत ने मुख्य अतिथि अनुज कौशिक , दलवीर सिंह, उपसभापति मुकेश सारस्वत, नरेंद्र माधव, राजेंद्र प्रसाद, सतीश, नगर व्यवस्था प्रमुख लक्ष्मी नारायण, केशव, आनंद द्विवेदी को पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संचालन अर्चना त्रिपाठी ने किया।

# जीएलए में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



जीएलए विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण के बाद सलामी लेते कुलपति प्रो. अनूप गुप्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को संबांधित करते हुए कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने सर्वप्रथम देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर सेनानियों को याद किया। उन्होंने कहा कि आज के अवसर पर अलग ही एनर्जी और वाइब महसूस होती है। आज के दिन हम लोग इतिहास की बातें करते हैं। उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें यह आजादी दिलाई। कार्यक्रम में नटराज क्लब, निनाद क्लब, विहीती क्लब के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। संचालन छात्र प्रशांत शुक्ला, दिया खेमानी और आयुष चतुर्वेदी ने किया।

स्टूडेंट स्पोर्टस काउंसिल के छात्र यशवर्धन शुक्ला, सत्यम सिंह, नंदिनी शर्मा, पदाधिकारीगणों का सहयोग सराहनीय रहा। एनसीसी के छात्रों ने एएनओ अरूणांशु दुबे के निर्देशन में परेड की। इस अवसर पर कुलसचिव अशोक कुमार सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. हिमांशु शर्मा, विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण सहित यूपी 10 बटालियन के हवलदार ओवैस अल बशीर उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डा. ब्रजेश गोस्वामी ने दिया। संचालन का नेतृत्व निहारिका सिंह और एंडेज्एस बेंजामिन ने किया। वहीं, जीएलए विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय आझई खुर्द में मुख्य अतिथि जीएलए के डीन एकेडमिक डा. आशीष शर्मा, गणित विभागाध्यक्ष डा. मनीष गोयल, प्रधानाध्यापिका अनामिका सक्सेना, प्राथमिक विद्यालय आझई खुर्द द्वितीय में पृथ्वी राज पोहिया, प्राथमिक विद्यालय आझई कलां में प्रधानाध्यापिका अनुपम कौशिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय जैंत द्वितीय में अनीता राठौर ने किया। स्कूल प्रोजेक्ट डिप्टी मैनेजर राहुल अरोडा का सहयोग सराहनीय रहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षण संस्थानों में गूंजा राष्ट्रगान



एलीट स्कूल में ध्वजारोहण करते भाजपा महानगर हरीशंकर राजू यादव। साथ हैं प्रबंध निदेशक दिनेश अग्रवाल आदि।



स्वतंत्रता दिवस पर कान्हा माखन स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर शिक्षण संस्थानों में राष्ट्र और देश को समर्पित कार्यक्रम आयोजित हुए। अतिथियों ने ध्वजारोहण किए।

श्रीजीबाबा सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू और पूर्व छात्र डॉ. सौरभ राय और परशुराम शर्मा ने द्वारा ध्वजारोहण किया। विद्यालय के सरस्वती शिक्षा परिषद मथुरा के मंत्री राम प्रकाश सिंह, अध्यक्ष महन्त रमाकांत गोस्वामी, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार बंसल, प्रबन्धक प्रोफेसर डॉ. तेजपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सीए संजीव अग्रवाल, प्रबन्ध समिति के सदस्य ओमप्रकाश बंसल, प्रधानाचार्य हरेन्द्र कुमार सारस्वत और प्रधानाचार्य संतोषी दुबे उपस्थित रहे। उप–प्रधानाचार्य प्रेम शंकर द्वारा ने परिचय कराया।

कार्यक्रम का संयोजन अमित प्रकाश कुलश्रेष्ठ, रेखा जोशी ने किया। श्रीविद्या परिषद् की प्रदेश निरीक्षिक प्रेमा पानू, वरिष्ठ आचार्य शिव हरी गोस्वामी, डॉ. हरीश सारस्वत, धर्मेन्द्र कुमार बंसल, उमाशंकर, रामसागर मिश्रा, नवीन वार्ष्णेय, प्रहलाद सारस्वत, कृष्णकान्त शर्मा, हरदेव शर्मा, रचना अग्रवाल, तृप्ति शर्मा, माधुरी अग्रवाल, विजय भारती, कुसुमा सिंह सहित आदि मौजूद रहे। -कृष्ण चन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुभारम्भ कार्यक्रम अध्यक्ष लाल चन्द्र वासवानी, पूर्व महानगर संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विधायक श्रीकांत शर्मा, डॉ. डी.पी. गोयल, प्रदेश निरीक्षक यशवीर सिंह, प्रदेश निरीक्षक हरवीर सिंह चाहर, कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्या मोहिनी शर्मा, प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। उप प्रधानाचार्य राजीव पाठक ने अतिथि परिचय कराया।

प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह, पूर्व प्रबंधक कीर्तिमोहन सर्राफ, राजीव पाठक, विनय कुमार, केशव सिंह, उमेश शर्मा, लोकेश अग्रवाल, नरेंद्र कुमार, निधीश अग्रवाल, सुरेश कुमार, विजय कुमार, मुनेश अग्रवाल, रविन्द्र प्रताप सिंह, हेमंत कुमार, अमृत सिंह, जगवीर सिंह, डॉ. दीप्ति तिवारी, टीकाराम शर्मा, डॉ. रागिनी सहित विद्यालय के आचार्यगण, कर्मचारी, विद्यार्थी-अभिभावक उपस्थित रहे।

गांधी पार्क स्थित ब्रज संगीत विद्यापीठ में ब्रज कला केंद्र के मंत्री राजेंद्र प्रसाद बंसल 'भगतजी' और उपाध्यक्ष गजेंद्र शर्मा ने ध्वजारोहण किया। छात्रा भूमि, भावना शर्मा, प्रिया, प्रियांशी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संचालन प्रबंधक शालिनी शर्मा ने किया। सुनीता अग्रवाल, रुचि द्विवेदी, संजय शर्मा, श्याम चतुर्वेदी, आशीष अग्रवाल, ओंकार स्वामी आदि उपस्थित रहे।

सेठ एमआर जयपुरिया में बीएसए रतन कीर्ति की मौजूदगी में ध्वजारोहण हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक और राष्ट्र प्रेरणा से जुड़े कार्यक्रम किए।

श्री रामभरोसे चीते गुरु मार्ग चौक में वरिष्ठ भाजपा योगेन्द्र चतुर्वेदी, वयोवृद्ध महिला राजो देवी ने झंडारोहण किया। मानप्रकाश शर्मा,पंकज अग्रवाल,शंकर अग्रवाल,राजेश अग्रवाल,सलीम खान,लाला चाय वाले,संजय चौधरी,अल्लारक्खा, शाहिद,राजू चतुर्वेदी, कन्हैया, सुमित अग्रवाल, राजू,आनंद चौरसिया,सुनील अग्रवाल, पुलकित अग्रवाल,दीपक अग्रवाल,नितिन, शुभम,कृष्णा चतुर्वेदी, मदनलाल,अमन मौजूद रहे।

कान्हा माखन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण-राष्ट्रगान के साथ हुआ। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अशोक कुमार, पूर्व न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, पूर्ण प्रकाश कौशिक भागवत आचार्य ने विचार रखे। प्रधानाचार्य प्रमोद शर्मा, प्रबंधक अनिल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल के अलावा शिक्षकगण, कर्मचारी- विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वृंदावन रोड पर स्थित बृजेश हाइट सोसाइटी में सोसाईटी के अध्यक्ष अरुण कुमार तोमर ने तिरंगा फहराया। बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस अवसर पर सोसाइटी के सेक्रेटरी ईश्वरचंद्र वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, प्रवीन झिंगरन, अशुतोष जेतली, आशीष शर्मा, राजीव अग्रवाल, प्रदीप सक्सेना, अनिल वर्मा, ऋषि अग्रवाल, मथुरेश सोनी, अनुराधा सक्सेना, विक्की अग्रवाल, निधि अग्रवाल, रानी सक्सेना, सीमा अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, प्रियंका, पिंकी गोयल, सोमी वाष्णेय, वरुण अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल और परी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

बी.एस.ए. कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में ध्वजारोहण विधायक श्रीकांत शर्मा, अग्रवाल शिक्षा मंडल के सेकेटरी किशोर कुमार अग्रवाल, संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन नितिन मित्तल आदि ने किया। निदेशक प्रो. श्याम सुन्दर अग्रवाल, विशाल लाल गोस्वामी,राकेश कुमार, लोकेन्द्र शर्मा,भगवान सिंह,आशुतोष दुबे,गोविंद गर्ग सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे ।



श्रीजी बाबा संरस्वती विद्या मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्राएं।



अशोका इंटेलेक्ट्स ग्लोबल स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र–छात्राएं।



बृजेश हाइट सोसायटी में ध्वजारोहण के दौरान सोसायटी के नागरिक।



बीएसए इंजीनियरिंग कालेज में ध्वजारोहण करते हुये विधायक श्रीकांत शर्मा साथ में सदस्यगण



कृष्ण चन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में शिक्षक को सम्मानित करते विधायक श्रीकांत शर्मा।

# वंदे मातरम् के स्वरों से गूंजे आरके ग्रुप के शैक्षिक संस्थान

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के सभी शैक्षिक संस्थान देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आए। शैक्षिक संस्थानों में जहां शान से तिरंगा फहराया गया छात्र–छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली, मनमोहक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई।



शिक्षा संस्थानों में ध्वजारोहण करते पदाधिकारी और उपस्थित छात्र–छात्राएं।

के.डी. मेडिकल कॉलेज–हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, के.डी. डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, के.डी. कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल साइंस, राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी, जी.एल. बजाज ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन , राजीव इंटरनेशनल स्कूल में उत्साह और उमंग के बीच ध्वजारोहण कर मनाया गया। ध्वजारोहण में सभी शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों ने किया।

केडी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने सभी शिक्षकों, छात्र–छात्राओं, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। प्रति–कुलाधिपति मनोज अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारा देश आज तेजी से हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। केडी मेडिकल कॉलेज में ध्वजारोहण के बाद डीन और प्राचार्य डॉ. आर.के. अशोका ने कहा कि हमारा देश लगभग 200 वर्षों तक ब्रिटिश शासन के अधीन रहा। उप प्राचार्य डॉ. गगनदीप कौर ने छात्र–छात्राओं को नशामुक्ति आदि को अपने व्यवहार में सम्मिलित करने का आह्वान किया। डॉ. वीपी पांडेय ने भी स्वतंत्रता दिवस के मायने समझाए।

कार्यक्रम डॉ. अमनजोत कौर, डॉ. सुधाकर राय के मार्गदर्शन में हुए। मेडिकल छात्र–छात्राओं को डॉ. मंजू पांडेय, डॉ. शिप्रा तिवारी, डॉ. आकांक्षा माथुर, डॉ. सौरभ कुलकर्णी, कर्नल संदीप ढींगरा आदि ने पुरस्कृत किया।

के.डी. डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ध्वजारोहण कुलपति डॉ. मनेश लाहौरी और प्राचार्य डॉ. नवप्रीत कौर ने किया। के.डी. कॉलेज आफ नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल साइंस में ध्वजारोहण प्राचार्य एनपी चानू ने किया। जी.एल. बजाज ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में प्रो. नीता अवस्थी, राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट में निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना, राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी में निदेशक डॉ. हिमांशु चोपड़ा, राजीव इंटरनेशनल स्कूल में प्राचार्य नंदिता ढींगरा ने ध्वजारोहण कर छात्र–छात्राओं से राष्ट्रचिंतन करते हुए देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी में निदेशक डॉ. हिमांशु चोपड़ा ने तिरंगा फहराकर छात्र–छात्राओं को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में फार्मेसी प्रोफेशनल्स की जानकारी दी।



किशोरी रमन महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के साथ सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) प्रवीण कुमार अग्रवाल आदि।



किशोरी रमण महिला विद्यालय में ध्वजारोहण के दौरान मौजूद प्राचार्य–शिक्षक।

# ब्रज वैभव अभियान के तहत गोवर्धन तलहटी में चला स्वच्छता अभियान

**यूनिक समय, मथुरा।** "हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है" के संकल्प के साथ ब्रज वैभव अभियान के तहत रविवार को गोवर्धन के जतीपुरा क्षेत्र की तलहटी और परिक्रमा मार्ग पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। हार्टफुलनेस के स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया, श्रद्धालुओं और परिक्रमार्थियों से ब्रज की पवित्रता बनाए रखने की अपील की।



स्वच्छता अभियान के दौरान एकत्र किए कचरे के साथ स्वयंसेवी।

यह अभियान उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, नगर निगम, हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान में जनपद में चलाया जा रहा है। रविवार को अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने परिक्रमा मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की। साथ ही श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए उनसे कूड़ा–कचरा निर्धारित स्थान पर डालने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया गया। हार्टफुलनेस के मथुरा समन्वयक निशांत शर्मा ने कहा कि "ब्रज भगवान का घर है। जिस तरह हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी तरह ब्रज को भी स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह केवल स्वच्छता अभियान नहीं, बल्कि अपनी ब्रजभूमि के प्रति सेवा और जिम्मेदारी का भाव है।" हार्टफुलनेस के उत्तर प्रदेश समन्वयक अनुपम अग्रवाल ने अभियान में शामिल सभी स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुए उनके उत्साहपूर्वक सेवा कार्य में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से ब्रज वैभव अभियान से जुड़कर ब्रजभूमि की सेवा करने का आह्वान किया।

अभियान में मथुरा के अलावा इंदौर, नोएडा, दिल्ली, आगरा, अलीगढ़, सासनी, इगलास और गाजियाबाद सहित विभिन्न स्थानों से आए। इस दौरान प्रीति अग्रवाल, विकास नेमा, अभिषेक बिल्लौर, सुषमा चौधरी, ममता मीना, चौधरी, अनीता पांडे, दुर्गा प्रसाद सेन, प्रवीण, राहुल दातरे, भारत भूषण, अमन शर्मा, अरुण कुमार पांडे, निर्मल कुमार मंडल, प्रतिभा अकोत्रा, भावना, सुमित्रा देवी अहलावत, सुलेखा शुक्ला, वाईएन त्रिपाठी, सतीश पालीवाल सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# डाक कांवड़ के लिए गंगा घाट रवाना हुए कांवड़िए



रविवार को डाक कांवड़ के लिए डीजे लगे वाहन से गंगा घाट जाते कांवड़िए।

**यूनिक समय, मथुरा।** सावन के तीसरे सोमवार को भगवान महादेव का जलाभिषेक करने के लिए रविवार को डाक कांवड़ियों के जत्थे गंगा घाट के लिए रवाना हुए। सुबह से देर शाम तक कांवड़ियों की आवाजाही से मथुरा–बरेली मार्ग भगवामय नजर आया। युवा कांवड़िए हाथों में गेरुआ झंड़े लेकर डीजे की धुनों पर भोलेनाथ के भजनों पर झूमते हुए आगे बढ़ते रहे। इससे मार्ग पर धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। कांवड़ियों के जत्थों में युवाओं की संख्या अधिक रही। कई स्थानों पर कांवड़ियों ने कुछ देर रुककर विश्राम किया और इसके बाद गंतव्य की ओर रवाना हुए। डीजे पर बज रहे शिव भजनों और भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कांवड़ियों के जत्थों के कारण मार्ग पर दिनभर चहल–पहल बनी रही।

## डीजे की धुनों पर झूमते निकले शिवभक्त, मार्ग पर दिखी रौनक

कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। पुलिसकर्मी अंडरपास के नीचे और प्रमुख चौराहों पर मुस्तैद रहे। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी निगरानी की गई। डाक कांवड़िए गंगा घाट से पवित्र जल लेकर लौटेंगे और सावन के तीसरे सोमवार को अपने–अपने क्षेत्र के शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों के जत्थों की लगातार आवाजाही से मथुरा–बरेली मार्ग पर दिनभर शिवभक्ति की अनूठी छटा देखने को मिली।

## श्याम बाबा के दरबार में भीड़ उमड़ी





हरियाली तीज पर मां कात्यायनी देवी मंदिर में सजाई झांकी। वृंदावन स्थित खाटू श्याम बाबा में सजाई झांकी के दर्शन।

**यूनिक समय, वृंदावन।** गोपेश्वर महादेव मंदिर के निकट श्याम बाबा के मंदिर में हरियाली तीज पर विशेष दर्शन की एक झलक पाने को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्याम बाबा का हरे फूलों का श्रंगार किया गया। मंदिर का आंगन श्याम बाबा के जय–जयकारों से गुंजायमान होता रहा। आरती के समय भीड़ उमड़ पड़ी। सेवायत राजेश पारिक ने कहा कि श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने वाले निराश नहीं लौटते हैं।

### मां कात्यायनी देवी मंदिर में भी सजा दरबार

अब इस मंदिर में दिल्ली, पंजाब, यूपी, राजस्थान और हरियाणा के भक्त भी काफी तादाद में आने लगे हैं। राधा बाग स्थित मां कात्यायनी देवी मंदिर में भी हरियाली तीज पर मां का विशेष श्रंगार किया गया था। सुबह से लेकर दोपहर और सायं से लेकर रात्रि तक दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

## फल–फूलों के हिंडोले में विराजे राजाधिराज, भक्तों को दिए दर्शन

**यूनिक समय,मथुरा।** सावन माह में मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में शनिवार को ठाकुर द्वारिकाद्वीश फल–फूलों के हिंडोले में विराजमान हुए और भक्तों ने दर्शन कर पुण्य कमाया। भगवान की एक झलक पाकर श्रद्वालुओं ने जयकारों से मंदिर प्रांगण गूज उठा। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने बताया कि मंदिर के सभी कार्यक्रम मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागीश कुमार महाराज के निर्देशन में निर्धारित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि सावन मास में विभिन्न प्रकार की घटाओं और हिंडोलों में विराजमान कर भक्तों को दर्शन देते है।



फल–फूलों के हिंडोले में विराजमान ठाकुर द्वारिकाधीश।

## श्रद्धालुओं की भीड़, बाजार में खरीदारी नहीं

**यूनिक समय, वृंदावन।** मंदिरों की नगरी में शनिवार और रविवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखकर व्यापारी सकपका गए। दर्शन को आई भीड़ से व्यापारियों को खास कोई फायदा नहीं हुआ।

व्यापारियों का कहना था कि हरिनिकुंज चौराहा से विद्यापीठ चौराहा और विद्यापीठ चौराहा से बांकेबिहारी पुलिस चौकी तक श्रद्धालुओं की ऐसी भीड़ दिखाई दी, कि उससे बाजार की दुकानें बुरी तरह से प्रभावित हो गई। वजह श्रद्धालु सीधे दर्शन करने मंदिर की ओर जा रहे थे और मंदिर से लौटते समय रास्ता बदल जाता है। इसलिए व्यापारी उनसे खरीदारी की उम्मीद छोड़ते हैं। कोई श्रद्धालु यदि खरीदारी का इच्छुक होता भी है तो भीड़ के कारण दुकान पर ठहर नहीं पाता है। इसी तरह से दाऊजी तिराहा से लेकर मंदिर तक होता है। व्यापारियों का कहना है कि भीड़ के कारण बांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र और उसके आसपास रहने वाले लोगों का घरों के बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। वह कई–कई घंटों के लिए घरों पर कैद होकर रह जाते हैं।

## सीओ और विधायक के बीच तकरार

**यूनिक समय, वृंदावन।** हरियाली तीज पर सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से ड्यूटी पर आए हाथरस के सीओ अमित पाठक और कोल, अलीगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिल पाराशर के बीच हो रही नोकझोंक का वायरल वीडियो चर्चा में आ गया। बताया जाता है कि ट्रेफिक को नियंत्रण करने के लिए हरियाली तीज पर दूसरे जिलों से पुलिस फोर्स को वृंदावन मंगाया गया है। इनमें हाथरस से आए सीओ अमित पाठक भी शामिल है। जाम में फंसे कोल के विधायक अनिल पाराशर की सीओ अमित पाठक से देखते ही देखते ऐसी नोकझोंक हुई कि विधायक अपना आपा खो बैठे और उन्होंने सीओ से वर्दी उतरवाने की धमकी भी दे डाली। यह धमकी चर्चा का विषय बन गई। दोनों के बीच किस बात को लेकर शुरुआत हुई थी, इसके बारे में किसी को पता नहीं है।

## राया में जाहरवीर शोभायात्रा और जागरण 18 अगस्त को

**यूनिक समय, राया।** अखिल भारतीय गोंगा जी महाराज भक्त मंडल के तत्वावधान में श्री जाहरवीर बाबा की शोभायात्रा और जागरण का आयोजन 18 अगस्त को किया जाएगा। मंडल के अनिल अग्रवाल ने बताया कि सायं चार बजे बाबा जाहरवीर की शोभायात्रा कस्वे के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करेगी । रात्रि को 8 बजे कैमारा गोंगा जी मंदिर पर जागरण का आयोजन होगा।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाली ‘जागरूकता रैली’

**यूनिक समय, वृंदावन।** आईओपी महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों- स्वयं सेविकाओं ने ‘नशा मुक्ति अभियान’ के तहत जागरूकता रैली निकाली। प्राचार्य प्रो. पी.के. सारस्वत की अध्यक्षता, कार्यक्रम अधिकारी हेमेन्द्र कुमार के निर्देशन में रैली विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर से मुख्य बाजार में जीवन से नाता जोड़ो, नशे से मुंह मोड़ो" जैसे नारों के साथ निकली। इस अवसर पर, प्रो. सरला शर्मा, प्रो. अनंत कुमार यादव, प्रो. योगेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, प्रो. संजय कुमार सिंह, प्रो. दीपिका वर्मा, डॉ. के.एल अग्रवाल, डॉ. वीरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. निधि सिंह, सुनीत शुक्ला, डॉ. अनुज कुमार, मृदुला पांडेय, पवित्र गोस्वामी, धर्मेन्द्र कुमार, सुभाष कृष्ण सरकार, सौरभ कुलश्रेष्ठ उपस्थित थे।

## कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन की मथुरा इकाई की कार्यकारिणी का विस्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन की मथुरा इकाई की विस्तारित कार्यकारिणी का गठन रविवार को एक स्थानीय होटल में किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश महामंत्री शिशिर शर्मा और प्रदेश संगठन मंत्री नरेश द्विवेदी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकारिणी में विनोद कुमार गौतम को अध्यक्ष, राकेश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वंदना कुशवाहा और रामनाथ को उपाध्यक्ष, सत्येंद्र शर्मा को मंत्री, वरुण कटियार को कोषाध्यक्ष, संजीव द्विवेदी को संगठन मंत्री, दिलीप कटियार और नवनीत पाठक को संयुक्त मंत्री,दिलीप उपाध्याय को मीडिया प्रभारी चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनय प्रकाश शर्मा, राजकुमार, प्रताप सिंह, राघव सिंह, सौरभ शर्मा और निर्मला शर्मा को जिम्मेदारी दी गई।



समस्याओं पर मंथन करते कोऑपरेटिव बैंक वर्कर्स यूनियन की कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

प्रदेश महामंत्री शिशिर शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, एकजुटता और कर्मचारियों के हितों के लिए निरंतर प्रयास से संभव है। बैठक में मथुरा के कर्मचारियों ने लंबित वेतन पुनरीक्षण और धारा 68 के तहत कई वर्षों से चल रही कार्रवाई समेत अन्य समस्याएं प्रदेश नेतृत्व के सामने रखीं। सहकारी बैंक मथुरा में कर्मचारियों की पुरानी भविष्य निधि को ईपीएफओ में स्थानांतरित कराने की

### वेतन पुनरीक्षण और धारा 68 की कार्वाई सहित कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का भरोसा

मांग भी रखी गई। प्रदेश महामंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि संबंधित उच्चाधिकारियों से वार्ता कर लंबित वेतन पुनरीक्षण, धारा 68 की कार्रवाई और भविष्य निधि से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में मनोज कुमार सागर, राजेंद्र राम, दिलीप कुमार सिंह, विनीता, अनिल कुमार, पंकज कुमार, विवेक कुमार, बृजेश कुमार गुप्ता सहित जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मथुरा के बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## 17 को निकलेगी 11वीं आशेश्वर पदयात्रा

**यूनिक समय, कोसीकलां।** श्री आशेश्वर महादेव पदयात्रा समिति के तत्वाधान में 17 अगस्त को 11वीं विशाल श्री आशेशर पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा प्रातः छह बजे मां भगवती मंदिर से प्रारम्भ होकर आशेश्वर महादेव मंदिर नंदगांव पहुंचेगी। इस बार देवप्रयाग–ऋषिकेश संगम से लाए गए 1100 गंगा जल पात्रों से महादेव का महाजलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा में बाबा भोले की रथ झांकी, कंधों पर झांकी और मार्ग में पुष्प वर्षा, आरती के विशेष कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी कमेटी के सदस्य विष्णु शर्मा ने दी।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालयः**- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक–पवन गौतम

**फोन नंबर–0565–3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com


RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

## सुविचार



जो इंसान खुद पर भरोसा रखता है दुनिया उसके लिए नए रास्ते खोल देती है।

## कल का पंचांग

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | पंचमी 04:52-05:00 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | चित्रा 03:50-04:58 तक | माह | श्रावण |
| सूर्योदय | 5:55 AM | चन्द्रोदय | 10:13 AM |
| सूर्यास्त | 6:51 PM | चंद्रास्त | 09:37 PM |
| सूर्य राशि | सिंह राशि | चंद्र | तुला राशि |
| शुभ मुहूर्त | 11:58AM–12:51 PM | ब्रह्म मुहूर्त | 04:15-05:43 |
| त्योहार/व्रत | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | 07:32 AM: 09:09 AM | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

## मंदिर खुलने व बंद होने का समय

- श्रीबांके बिहारीजी मंदिर में सुबह 8.00 से दोपहर 01.30 बजे तक और शाम 4.00 से रात 9.00 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि में श्री गर्भगृह के दर्शन सुबह 6.30 बजे से रात 9 बजे तक।
- श्रीकृष्ण जन्मभूमि के भागवत भवन व अन्य मंदिर में सुबह 6.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक।
- द्वारकाधीश मंदिर में सुबह 6.30 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से 7.30 बजे तक।

## कल का राशिफल

**मेष :** कल कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। रुके काम पूरे होंगे। धन लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार में सुखद वातावरण बना रहेगा।

**वृषभ :** कल मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**मिथुन :** कल नई योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में लाभ मिलेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** कल भावनाओं पर नियंत्रण रखें। कार्यों में जल्दबाजी न करें। धन संबंधी मामलों में सफलता मिलेगी।

**सिंह :** कल आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां मिल सकती हैं। व्यापारियों को लाभ होगा।

**कन्या :** कल आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। मेहनत से सफलता मिलेगी। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी मिलेगी।

**तुला :** कल नए संपर्क लाभकारी साबित होंगे। व्यापार में तरक्की होगी। नौकरी में अवसर मिलेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**वृश्चिक :** कल रुका धन प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। यात्रा लाभकारी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु :** कल भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में विशेष सफलता मिल सकती है।


**मकर :** कल कार्यभार बढ़ सकता है। धैर्य से काम लें। धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ :** कल करियर में नई दिशा मिल सकती है। व्यापार में लाभ होगा। पुराने मित्र से मुलाकात संभव है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मीन :** कल धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे।

### ज्योतिष शास्त्र का ये उपाय आपको बनाएगा खूबसूरत और आकर्षक

# यह ग्रह लौटाएगा चेहरे की खोई रौनक



**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिषचार्य पं. अजय कुमार तैलंग के अनुसार जिन लोगों की कुंडली में शुक्र मजबूत होता है, उनमें एक विशेष तरह का आकर्षण होता है। ऐसे लोगों के संपर्क में जब भी कोई आता है, वह उससे सम्मोहित हो जाता है। यदि कुंडली में शुक्र ग्रह कमजोर है, तो ये उपाय करके आप शुक्र ग्रह की कृपा पा सकते हैं...

हर कोई चाहता है कि वह खूबसूरत और आकर्षक नजर आए, कि लोग देखते ही उसकी तारीफ करे बिना रुक न सकें। पर क्या आप जानते हैं कि ज्योतिषशास्त्र में आपकी खूबसूरती के राज छिपे होते हैं। आप अपनी कुंडली में ग्रह–नक्षत्रों की स्थिति से अपनी खूबसूरती को और निखार सकते हैं।

यहां आपको बता दें कि हमारे जीवन में भौतिक सुख–सुविधाओं का कारक शुक्र ग्रह को माना जाता है। ज्योतिष विज्ञान के अनुसार शुक्र ग्रह यदि मजबूत स्थिति में होता है तो आपको त्वचा संबंधी रोग नहीं होते हैं। लेकिन अगर शुक्र ग्रह मजबूत नहीं है तो आपको त्वचा से जुड़ी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यही वह ग्रह है जो आपको सुंदरता और आकर्षण देता है। अगर आपको भी लगता है कि आपकी स्किन के कारण आपको परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ज्योतिषाचार्य पं. अजय कुमार कहते हैं कि जिन लोगों की कुंडली में शुक्र मजबूत होता है, उनमें एक विशेष तरह का आकर्षण होता है। ऐसे लोगों के संपर्क में जब भी कोई आता है, वह उससे सम्मोहित हो जाता है। यदि कुंडली में शुक्रग्रह कमजोर है, तो ये उपाय करके आप शुक्रग्रह की कृपा पा सकते हैं।

शुक्र ग्रह की प्रतिनिधि देवी लक्ष्मी हैं। लक्ष्मी न सिर्फ धन की देवी है, बल्कि सुख, सौंदर्य, आकर्षण और प्रभावी व्यक्तित्व देने का आशीर्वाद भी वही देती हैं। इसलिए लक्ष्मी की आराधना करने से शुक्र से संबंधित कष्ट दूर होते हैं। ऐसा करने से शुक्र प्रसन्न भी होते हैं और व्यक्ति को सौंदर्य के साथ ही लक्ष्मी की कृपा से धन की भी प्राप्ति होती है।

शुक्र से संबंधित वस्तुओं का दान करने से सौंदर्य प्राप्ति होती है। शुक्रवार के दिन कपड़े और दही का दान करना चाहिए। इससे शुक्र के बुरे प्रभाव नष्ट होते हैं। इससे व्यक्ति के चेहरे पर चमक आ जाती है।

शुक्रवार का व्रत रखने से व्यक्ति के जीवन में पॉजिटिव एनर्जी आती है। यह व्रत करने वाले व्यक्ति की आंखों में एक तेज पैदा होता है। जो हर किसी को अपने आकर्षण में बांध लेता है। व्यक्ति के चारों ओर पॉजिटिव ऊर्जा

बनाने के लिए शुक्र का बीज मंत्र बहुत चमत्कारी बताया गया है। शुक्र के बीज मंत्र का हर रोज जाप करने से उसके आस पास एक आकर्षक ऊर्जा का प्रवाह होने लगता है, जिससे उसके चेहरे पर चमक आती है। ऐसा व्यक्ति सैकड़ों लोगों को एक साथ सम्मोहित करने में सफल होता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

बीज मंत्र का लाभ लेने के लिए लगातार 40 दिन तक इस मंत्र का जाप करें। मंत्र 'ओम ड्रां ड्रीं ड्रौं सह शुक्राय नमः।।'

ऋग्वेद का श्री सूक्त अद्भुत और चमत्कारी है। श्री सूक्त में साक्षात महालक्ष्मी का वास होता है। इसके प्रतिदिन पाठ से न केवल लक्ष्मी की प्राप्ति होती है, बल्कि शुक्र भी मजबूत होता है जिसका चमत्कारिक रूप से असर नजर आता है। अपने लुक, आकर्षण, चेहरे की चमक, स्वस्थ और सुंदर शरीर पाने के लिए श्री सूक्त का वैदिक विधि से पाठ करना चाहिए। शुक्र को मजबूत बनाने के लिए आप 6 मुखी रूद्राक्ष धारण कर सकते हैं। इसे धारण करने से कमजोर शुक्र के कारण आ रही परेशानियां दूर हो जाती है। वहीं व्यक्ति को हर जगह सफलता मिलने लगती है।

## सावन सोमवार पर नाग पंचमी, बन रहा शुभ संयोग

**यूनिक समय, मथुरा।** इस बार नाग पंचमी का पर्व 17 अगस्त 2026 को सावन सोमवार के साथ मनाया जाएगा। सावन के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी का यह संयोग धार्मिक दृष्टि से विशेष माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार पंचमी तिथि 16 अगस्त की शाम 4:52 बजे से शुरू होकर 17 अगस्त की शाम 5 बजे तक रहेगी। नाग पूजन का शुभ समय सुबह 5:51 से 8:29 बजे तक रहेगा।

पूजन के लिए सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। चौकी पर नाग देवता की प्रतिमा स्थापित कर साथ में भगवान शिव का चित्र या शिवलिंग रखें। इसके बाद कुमकुम, अक्षत, फूल, चंदन और जल अर्पित करें। दूध, घी और चीनी का मिश्रण भी अर्पित किया जा सकता है। पूजा के बाद नाग देवता और भगवान शिव की आरती करें। नाग पंचमी पर मुख्य द्वार पर हल्दी या चंदन से नाग का चित्र बनाने की भी परंपरा है। इसके बाद नाग पंचमी की कथा सुनें। व्रत रखने वाले श्रद्धालु शाम को विधि–विधान से पारण कर सकते हैं।

धार्मिक मान्यता है कि श्रद्धा से नाग देवता और भगवान शिव का पूजन करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

## ईशान कोण में रखें ये चार चीजें, वास्तु में शुभ

**यूनिक समय, मथुरा।** वास्तु शास्त्र में घर की उत्तर–पूर्व दिशा यानी ईशान कोण को बेहद शुभ माना गया है। मान्यता है कि इस दिशा में कुछ विशेष वस्तुएं रखने से घर में सकारात्मकता, सुख–शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है।

वास्तु के अनुसार ईशान कोण में गुरु यंत्र या भगवान शिव की प्रतिमा रखना शुभ माना जाता है। इससे आर्थिक और करियर संबंधी मामलों में सकारात्मकता आने की मान्यता है। इसी तरह शंख को भी इस दिशा में रखना लाभकारी माना गया है। शंख को पवित्र स्थान पर रखकर नियमित पूजा करने की परंपरा है। इसके अलावा ईशान कोण में कलश रखने से घर में शुभ ऊर्जा का संचार होने की मान्यता है। वहीं श्रीफल रखने से सुख–समृद्धि और धन–धान्य बढ़ने की धार्मिक मान्यता है। हालांकि ये वास्तु और धार्मिक मान्यताएं हैं, वैज्ञानिक रूप से इनके प्रभाव की पुष्टि नहीं हुई है।

# हरा पौधा दूर कर देगा आपकी आर्थिक परेशानियां

**यूनिक समय, मथुरा।** व्यक्ति के जीवन में आ रही सभी परेशानियों के लिए ज्योतिष और वास्तु शास्त्र में कई सारे उपाय बताए गए हैं। इन उपायों को करने से व्यक्ति के जीवन में आ रही परेशानियां जैसे कि धन संबंधित, भाग्य संबंधित, बीमारी संबंधित और सफलता संबंधित दूर हो जाती है। वहीं पेड़–पौधे भी हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाते हैं। चाहे वे ज्योतिष से संबंधित हो या फिर वास्तु से संबंधित हो। तो ऐसे में आइए आज हम आपको अपने इस लेख में एक खास हरे रंग के पौधे को घर में लगाने के बारे में बताएंगे, जिसे लगाने से आपके घर में सुख–समृद्धि का आगमन होगा और धन वृद्धि भी होगी।

बेहद आकर्षक दिखने वाला ये पौधा जिसे मारपंखी कहा जाता है। इस पौधे का वास्तु शास्त्र



में खास महत्व है। मोरपंखी न सिर्फ सुंदर होता है, बल्कि मनुष्य के जीवन में आ रही कई तरह की परेशानियों को दूर करता है।

वास्तु शास्त्र के हिसाब से अगर आप अपने घर में मोरपंखी का पौधा लगाते हैं, तो इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। वहीं वास्तु शास्त्र में ये भी बताया गया है कि अगर आप जोड़े में मोरपंखी के पौधे लगाते हैं, तो उस घर में मौजूद सभी सदस्य की बुद्धि तेज होती है और सभी परिजनों में एकाग्रता विकसित होती है। अगर कोई व्यक्ति आर्थिक तंगी से गुजर रहा है, तो उसे मोरपंखी का पौधा घर के उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इससे घर में मां लक्ष्मी विराजती हैं और आर्थिक तंगी जैसी परेशानियां दूर हो जाती है।

वास्तु शास्त्र के हिसाब से यदि आपने किसी से कर्जा लिया है या फिर आपके द्वारा लिया गया लोन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, तो ऐसे में आपको घर में मोरपंखी का पौधा लगाना चाहिए। इस उपाय से आपके ऊपर चढ़ा कर्ज उतर जाएगा और मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिल जाएगी।

# नमक समेत इन चीजों को इस दिन भूलकर भी न खरीदें

## वरना कष्टों से घिर जाएगा जीवन

**यूनिक समय, मथुरा।** शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित माना जाता है। इस दिन शनि दोषों से मुक्ति पाने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। इसके साथ ही शनिवार का दिन हनुमान जी की उपासना करने के लिए भी उत्तम माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन शनिदेव की अगर सच्ची श्रद्धा के साथ भक्ति की जाए तो जातक की हर मनोकामना पूरी होती है और कष्टों से राहत मिलती है। शनिदेव की कृपा पाने के लिए शनिवार के दिन कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। हम हफ्ते भर कुछ चीजों की खरीदारी कर सकते हैं, लेकिन एक दिन इन चीजों को खरीदने से



बचना चाहिए। वरना शनिदेव नाराज हो जाते हैं।

**सरसों का तेल:** शनिवार के दिन सरसों का तेल नहीं खरीदना चाहिए। ऐसा करने से शनिदेव नाराज हो जाते हैं। जिसके कारण व्यक्ति का जीवन परेशानियों से घिर जाता है। ऐसे में शनिवार के दिन सरसों का तेल न खरीदें।

**नमक :** शनिवार के दिन नमक खरीदने की मनाही होती है। ऐसे में शनिवार के दिन गलती से भी नमक नहीं खरीदना चाहिए। शनिवार के दिन पीपल की जड़ में जल देना और दीया जलाना शुभ माना गया है। इससे मनोकामनाएं पूरी होती है।

**काला तिल :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनिवार के दिन काला तिल खरीदना भी अशुभ माना गया है। दरअसल इस दिन काले तिल और सरसों के तेल से शनिदेव की पूजा की जाती है। शनिवार के दिन काले तिल खरीदने से अशुभ परिणाम मिलते हैं। व्यक्ति के जीवन से सुख चला जाता है।

**लोहे से बनी चीजें :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनिवार के दिन लोहे की चीजें नहीं खरीदना चाहिए। ऐसा करने से शनिदेव नाराज हो सकते हैं। जिससे नौकरी और व्यापार में समस्याएं आने लगती हैं। लेकिन शनिवार के दिन लोहे से बनी चीजें दान करना शुभ होता है। इस दिन किसी जरूरतमंद को लोहे से बनी चीजें जरूर दान करें।

## सम्पादकीय

# यूपी में क्यूआर कोड से घूस लेना बना आसान

उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रांति ने आखिरकार वह मुकाम भी हासिल कर लिया, जिसकी शायद किसी ने कल्पना नहीं की थी। अब भ्रष्टाचार भी आधुनिक हो गया है। पहले घूस के लिए जेब टटोली जाती थी, नोट गिने जाते थे और लेन–देन के लिए कोई कोना तलाशा जाता था। अब जमाना बदल गया है। मोबाइल निकालिए, क्यूआर कोड दिखाइए और रिश्वत को डिजिटल इंडिया की रफ्तार से मंजिल तक पहुंचाइए।

बिजली विभाग से जुड़ी सामने आई पड़ताल के आरोप यदि सही हैं, तो यह व्यवस्था भ्रष्टाचार के बदलते चेहरे का बेहद व्यंग्यात्मक उदाहरण है। मीटर का भार बढ़ाना हो तो तय रकम, सोलर पैनल की अनुमति चाहिए तो अलग रकम और बड़ा काम हो तो रकम भी बड़ी। यानी नागरिक की जरूरत के साथ–साथ कथित 'रेट सूची' भी बढ़ती जाती है।



पवन गौतम
संपादक

सबसे दिलचस्प बात यह है कि रिश्वत लेने वाले को अब शायद यह डर भी नहीं रहा कि हाथ में नोट दिखाई देगा। क्यूआर कोड है, मोबाइल है और भुगतान का डिजिटल रास्ता है। भ्रष्टाचार ने भी तकनीक को गले लगा लिया है। जिस डिजिटल व्यवस्था का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना था, वही यदि कथित तौर पर घूस का माध्यम बनने लगे तो सवाल व्यवस्था से ज्यादा उसकी नीयत पर उठता है।

स्कैन करें
संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।


और जब कथित तौर पर यह कहा जाए कि पैसा ऊपर तक जाता है, तो मामला और गंभीर हो जाता है। आखिर नीचे का कर्मचारी अकेले भ्रष्टाचार की ऐसी पूरी सीढ़ी कैसे बना सकता है? यदि आरोपों में सच्चाई है तो जांच केवल एक बाबू या कर्मचारी तक सीमित नहीं होनी चाहिए। पूरी श्रृंखला की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। यूपी में बिजली कनेक्शन लेना नागरिक की जरूरत है, किसी अधिकारी पर एहसान नहीं। सोलर लगाना सरकार की स्वच्छ ऊर्जा नीति को मजबूत करता है। भार बढ़ाना भी वैधानिक प्रक्रिया है। फिर इन कामों के लिए कथित 'सुविधा शुल्क' क्यों?

सरकारें डिजिटल भुगतान को पारदर्शिता का हथियार बताती हैं। इसलिए क्यूआर कोड से कथित रिश्वत का आरोप केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं, डिजिटल व्यवस्था की विश्वसनीयता की परीक्षा भी है। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जहां क्यूआर कोड देखकर कर्मचारी पैसा नहीं, नियम बताए। नागरिक भुगतान करे तो सरकारी रसीद मिले, निजी खाते का रास्ता नहीं। वरना कल को भ्रष्टाचार का अगला नारा यही होगा–'नकद क्यों दें, यूपी में क्यूआर कोड स्कैन करें!'

## नजरिया

# लोकतंत्र बदला, मगर राजनीति के संस्कार नहीं बदले

बोध प्रकाश सगुणी



भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता है, लेकिन यही विविधता कई बार राजनीति की सबसे बड़ी कमजोरी भी बन जाती है। हम भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, परीक्षा व्यवस्था की गड़बड़ियों, अपराधीकरण, जातिवाद और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर लगातार बहस करते हैं। आंदोलन होते हैं, नारे लगते हैं, सरकारों से जवाब मांगा जाता है और कई बार फैसले भी बदलते हैं। मगर कुछ समय बाद वही समस्याएं नए रूप में लौट आती हैं। इससे बड़ा सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर हमारी राजनीति की विसंगतियां इतनी स्थायी क्यों हैं?

दरअसल समस्या केवल किसी एक सरकार, दल या नेता की नहीं है। राजनीतिक संस्कृति का संकट व्यापक है। विपक्ष में रहते हुए जो दल पारदर्शिता, लोकतंत्र और जवाबदेही की मांग करते हैं, सत्ता में आने के बाद वही कसौटियां उनके लिए असुविधाजनक हो जाती हैं। यही दोहरा चरित्र लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता है। राजनीति में सिद्धांतों की जगह सुविधा और अवसरवाद बढ़ता जाता है।

सबसे बड़ी विडंबना राजनीतिक दलों के भीतर के लोकतंत्र की है। जनता से लोकतांत्रिक अधिकारों और भागीदारी की अपील करने वाले अनेक दल अपने संगठन में निर्णय लेने की प्रक्रिया सीमित रखते हैं। नेतृत्व कुछ परिवारों या छोटे गुटों के इर्द–गिर्द सिमट जाता है। कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करता है, लेकिन शीर्ष पदों तक पहुंचने का रास्ता अक्सर संगठनात्मक योग्यता से ज्यादा पारिवारिक संबंधों और राजनीतिक प्रभाव से तय होता है। वंशवादी राजनीति केवल एक दल की समस्या नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की व्यापक चुनौती बन चुकी है।

चुनावी राजनीति का बढ़ता खर्च इस संकट को और गहरा करता है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव कहलाते हैं, लेकिन चुनाव लड़ना लगातार महंगा होता जा रहा है। प्रचार, संगठन, संसाधन और कार्यकर्ताओं के प्रबंधन पर भारी धन खर्च होता है। जब राजनीतिक चंदे की व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी नहीं होती, तब राजनीति में ऐसे धन की भूमिका बढ़ती है, जिसका स्रोत जनता के सामने स्पष्ट नहीं होता। धन चुनाव जिताता है और चुनावी जीत सत्ता तक पहुंचाती है। सत्ता फिर संसाधनों तक पहुंच का माध्यम बनती है। इस चक्र को तोड़े बिना स्वच्छ राजनीति की उम्मीद अधूरी रहेगी।

राजनीति के अपराधीकरण का विरोध भी इसी विरोधाभास का शिकार है। सार्वजनिक मंचों से आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं की आलोचना होती है, लेकिन चुनाव में यदि कोई उम्मीदवार मजबूत, प्रभावशाली और 'जिताऊ' समझा जाता है तो उसके अतीत पर समझौता कर लिया जाता है। मतदाता भी कई बार जाति, स्थानीय प्रभाव, व्यक्तिगत पहुंच या चुनावी गणित के आधार पर ऐसे उम्मीदवारों को स्वीकार कर लेते हैं। इससे राजनीति में यह संदेश जाता है कि जीत महत्वपूर्ण है, साधन नहीं।

जाति भी भारतीय राजनीति की जटिल सच्चाई है। सामाजिक न्याय और ऐतिहासिक भेदभाव को दूर करने के लिए जातिगत वास्तविकताओं को समझना जरूरी है। आरक्षण और प्रतिनिधित्व जैसे उपायों का अपना लोकतांत्रिक महत्व है। लेकिन जब जाति केवल चुनाव जीतने का गणित बन जाती है, तब सामाजिक न्याय की भावना कमजोर पड़ने लगती है। राजनीतिक दलों के लिए चुनौती यह है कि वे सामाजिक पहचान को सम्मान दें, लेकिन उसे स्थायी राजनीतिक विभाजन का हथियार न बनने दें।

धर्म के मामले में भी यही सावधानी जरूरी है। भारत की सांस्कृतिक चेतना में धर्म की गहरी भूमिका है। आस्था व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन जब धार्मिक पहचान को चुनावी ध्रुवीकरण का साधन बना दिया जाता है, तब नागरिक पहले मतदाता और फिर किसी समुदाय के सदस्य के रूप में देखे जाने लगते हैं। इससे लोकतंत्र में समान नागरिकता की भावना प्रभावित होती है। धार्मिक आस्था का सम्मान और उसके राजनीतिक इस्तेमाल के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना जरूरी है। संसद और विधानसभाओं की स्थिति भी चिंता पैदा करती है। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, बल्कि जरूरी है। लेकिन असहमति जब लगातार शोर, नारेबाजी और कार्यवाही बाधित करने तक पहुंच जाए, तो बहस की गुणवत्ता समाप्त होने लगती है। जनता ने अपने प्रतिनिधियों को इसलिए नहीं चुना कि वे सदन को अखाड़ा बना दें, बल्कि इसलिए चुना है कि वे कानून, नीतियों और जनहित के मुद्दों पर गंभीर चर्चा करें। लोकतंत्र की शक्ति केवल बहुमत में नहीं, सार्थक संवाद में भी है।

संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता लोकतंत्र की सुरक्षा कवच है। सरकारें आती–जाती रहती हैं, लेकिन संस्थाएं लंबे समय तक बनी रहती हैं। यदि किसी भी दल की सुविधा के लिए संस्थाओं की स्वायत्तता कमजोर होती है, तो उसका नुकसान तत्काल दिखाई न दे, लेकिन भविष्य में लोकतांत्रिक व्यवस्था को इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। सत्ता पक्ष को यह समझना होगा कि मजबूत संस्थाएं उसके खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतंत्र के पक्ष में होती हैं। सबसे महत्वपूर्ण सवाल राजनीतिक संस्कारों का है। कानून बदलने से व्यवस्था बदल सकती है, लेकिन राजनीतिक व्यवहार तब तक नहीं बदलेगा जब तक दल और नेता अपने भीतर जवाबदेही स्वीकार नहीं करते। जनता की भी इसमें भूमिका है। मतदाता यदि हर चुनाव में केवल जाति, धर्म, तात्कालिक लाभ या भावनात्मक मुद्दों के आधार पर निर्णय करेगा, तो राजनीतिक दल भी उसी रास्ते पर चलेंगे। लोकतंत्र केवल नेताओं की जिम्मेदारी नहीं, नागरिकों की भी परीक्षा है।

विरोध–प्रदर्शन लोकतंत्र की आवश्यक अभिव्यक्ति हैं, लेकिन उनका उद्देश्य केवल सत्ता बदलना नहीं होना चाहिए। यदि आंदोलनकारी सत्ता में पहुंचने के बाद उन्हीं तौर–तरीकों को अपना लें, जिनका उन्होंने विरोध किया था, तो परिवर्तन केवल चेहरों का रह जाता है। वास्तविक बदलाव तब होगा जब राजनीति में पारदर्शिता, आंतरिक लोकतंत्र, स्वच्छ चुनावी वित्त, संस्थागत स्वतंत्रता और सार्वजनिक संवाद की संस्कृति मजबूत होगी। आखिर लोकतंत्र केवल चुनाव जीतने का नाम नहीं है। लोकतंत्र वह व्यवस्था है जिसमें सत्ता सीमित होती है, संस्थाएं स्वतंत्र होती हैं, विपक्ष सम्मानित होता है और नागरिकों की आवाज सुनी जाती है। हमारी राजनीति की विसंगतियां तभी कम होंगी, जब राजनीतिक दल सुविधा के बजाय सिद्धांत को प्राथमिकता देंगे। वरना नारे बदलेंगे, चेहरे बदलेंगे, सरकारें बदलेंगी, लेकिन राजनीति की कहानी वही रहेगी।

## विचार विंडो

# मन की सुनें, मगर पढ़ने की पहली सीढ़ियां न छोड़ें

राम प्रकाश शर्मा

बचपन और किताबों का रिश्ता आज की पीढ़ी के मुकाबले बिल्कुल अलग था। तब मनोरंजन के साधन सीमित थे, लेकिन कल्पना की दुनिया बहुत विस्तृत थी। छुट्टियां शुरू होते ही बच्चे कॉमिक्स की छोटी–छोटी दुकानों और पुस्तकालयों का रुख करते थे। कुछ पैसे देकर कॉमिक्स किराये पर लेना और फिर उसे पढ़कर अगले दिन लौटाना अपने आप में आनंद का अनुभव था। वह दौर केवल कहानियां पढ़ने का नहीं, बल्कि किताबों के साथ दोस्ती करने का दौर था।

कॉमिक्स को लंबे समय तक बच्चों के लिए हल्का साहित्य मानकर नजरअंदाज किया गया। माता–पिता की धारणा थी कि बच्चों को कॉमिक्स छोड़कर 'असली किताबें' पढ़नी चाहिए। लेकिन सवाल यह है कि पढ़ने की आदत पैदा करने में कॉमिक्स की भूमिका को कैसे नकारा जा सकता है? जिन बच्चों ने चाचा चौधरी, फैंटम, आर्चीज या अन्य चित्रकथाओं से पढ़ना शुरू किया, उनमें से कितनों ने आगे चलकर गंभीर साहित्य का रुख किया होगा। दरअसल पढ़ने की शुरुआत हमेशा कठिन किताब से नहीं होती। जरूरी यह है कि शुरुआत पढ़ने से हो।

अमर चित्र कथा इसका सबसे शानदार उदाहरण है। भारतीय इतिहास, संस्कृति, पौराणिक कथाओं और महान व्यक्तित्वों को जिस रोचक ढंग से चित्रों और संवादों के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया गया, उसने पुस्तकीय ज्ञान को बोझ नहीं बनने दिया। अशोक, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, अकबर और बीरबल जैसे पात्र केवल इतिहास की किताबों के नाम नहीं रहे, बल्कि बच्चों की कल्पना का हिस्सा बन गए। यही शिक्षा की असली ताकत है–जब जानकारी स्मृति में नहीं, अनुभव में बदल जाए।

आज हमारी शिक्षा व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बच्चों में पढ़ने की रुचि बनाए रखना है। पाठ्यपुस्तकें परीक्षा, अंक और प्रतियोगिता के दबाव में इतनी गंभीर और बोझिल हो गई हैं कि पढ़ाई आनंद की जगह तनाव का पर्याय बनती जा रही है। बच्चा पढ़ता है क्योंकि परीक्षा आने वाली है। वह याद करता है क्योंकि प्रश्नपत्र में उत्तर लिखना है। परिणाम यह है कि किताब हाथ में होते हुए भी मन कहीं और भटकता रहता है।

पढ़ने को केवल परीक्षा और नौकरी से जोड़ देना शिक्षा की आत्मा को छोटा कर देता है। किताबें केवल रोजगार पाने का साधन नहीं हैं। वे कल्पना को विस्तार देती हैं, भाषा को समृद्ध करती हैं, संवेदनशीलता बढ़ाती हैं और मनुष्य को दूसरे जीवनों को समझने की क्षमता देती हैं। जिस बच्चे ने आनंद के लिए पढ़ना सीख लिया, उसके लिए ज्ञान कभी बोझ नहीं रहता।



यहां मोबाइल और डिजिटल मनोरंजन की भूमिका को भी समझना होगा। बच्चों को केवल यह कहकर किताबों की ओर नहीं लौटाया जा सकता कि मोबाइल खराब है। मोबाइल ने मनोरंजन और जानकारी के अनगिनत रास्ते खोल दिए हैं। ऐसे में किताब को आकर्षक बनाना ही होगा। यदि बच्चे चित्र, कहानी, संवाद और कल्पना से जुड़ते हैं, तो क्यों न उसी रास्ते से उन्हें इतिहास, विज्ञान, संस्कृति और साहित्य तक पहुंचाया जाए? आज जरूरत है कि लेखक, चित्रकार और प्रकाशक मिलकर नई पीढ़ी के लिए आधुनिक चित्रकथाओं का संसार तैयार करें। हमारे इतिहास और लोककथाओं में ऐसी असंख्य कहानियां हैं, जिन्हें नए अंदाज में बच्चों तक पहुंचाया जा सकता है। भाषा सरल हो, चित्र प्रभावी हों और कथानक रोचक हो तो किताब बच्चों के हाथ में मोबाइल से मुकाबला कर सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नई तकनीक भी चित्रांकन, कहानी की प्रस्तुति और सामग्री निर्माण में सहायक बन सकती है, लेकिन अंतिम उद्देश्य तकनीक नहीं, पढ़ने की आदत होना चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण सवाल पुस्तकालयों का है। जिस तरह पुराने समय में मोहल्ले की छोटी दुकानें बच्चों के लिए किताबों की दुनिया खोलती थीं, उसी तरह आज हर मोहल्ले में छोटे सामुदायिक पुस्तकालय विकसित किए जा सकते हैं। वहां कॉमिक्स हों, चित्रकथाएं हों, बाल साहित्य हो, विज्ञान की किताबें हों और स्थानीय इतिहास से जुड़ी सामग्री भी हो। पुस्तकालय केवल किताब रखने की जगह न होकर बच्चों के मिलने, पढ़ने और चर्चा करने का केंद्र बनें। स्क्रीन के बढ़ते प्रभाव के बीच किताबों को बचाने की लड़ाई वास्तव में बचपन की कल्पना को बचाने की लड़ाई है। हमें बच्चों को यह समझाने की जरूरत नहीं कि मोबाइल छोड़ो और किताब उठाओ। हमें किताब को इतना आकर्षक बनाना होगा कि बच्चा स्वयं मोबाइल से नजर हटाकर पन्ने पलटने लगे। मन की सुनना जरूरी है, लेकिन मन को पढ़ने की राह दिखाना भी उतना ही जरूरी है। पढ़ने की पहली सीढ़ियां यदि आनंद से शुरू होंगी, तो आगे ज्ञान, विचार और विवेक की मंजिलें अपने आप खुलती जाएंगी। आखिर किताब का सबसे बड़ा कमाल यही है कि वह बच्चे को केवल पढ़ना नहीं सिखाती, उसे अपने भीतर एक नई दुनिया बनाना सिखाती है।

### पडिक्कल ने रचा इतिहास, राहुल ने भी जमाया रंग

# गॉल में भारत का बल्ला गरजा 460 रन पर पहुंची टीम इंडिया

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने दूसरे दिन भी शानदार बल्लेबाजी का सिलसिला जारी रखा। दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने 9 विकेट खोकर 460 रन बना लिए हैं। देवदत्त पडिक्कल 167 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि कुलदीप यादव 12 और प्रसिद्ध कृष्णा 1 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने पहली पारी में श्रीलंका के सामने बड़ा स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।



दूसरे दिन भारतीय पारी का सबसे बड़ा आकर्षण देवदत्त पडिक्कल रहे। नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतरे पडिक्कल ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से श्रीलंकाई गेंदबाजों को लगातार परेशान किया। उन्होंने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा करने के बाद पारी को और आगे बढ़ाया और दूसरे दिन 150 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। दिन समाप्त होने तक पडिक्कल 167 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

ओपनिंग बल्लेबाज केएल राहुल ने भी टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई। राहुल ने 82 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। पहले दिन वह 77 रन के निजी स्कोर पर खिंचाव की समस्या के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। हालांकि टीम के बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने उनकी स्थिति को लेकर बताया था कि राहुल अब पूरी तरह ठीक हैं और आगे बल्लेबाजी करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। राहुल ने मैदान पर वापसी करते हुए अपनी पारी को 82 रन तक पहुंचाया।

पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 2 विकेट के नुकसान पर 288 रन बना लिए थे। पडिक्कल उस समय 131 रन बनाकर नाबाद थे और उन्होंने अपनी शानदार लय को दूसरे दिन भी जारी रखा। राहुल और पडिक्कल के बीच हुई अहम साझेदारी ने भारत को शुरुआती झटकों से उबरने में मदद की। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद भारतीय टीम 460 रन पर 9 विकेट गंवा चुकी है। अब तीसरे दिन भारत की नजर अपने स्कोर को और बड़ा करने पर होगी।

# न्यूयॉर्क में तिरंगे के रंगों से जगमगाई एम्पायर स्टेट बिल्डिंग





## तारक मेहता की कास्ट ने मनाया आजादी का जश्न

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर न्यूयॉर्क में देशभक्ति का शानदार नजारा देखने को मिला। 15 अगस्त को मशहूर एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को हरे, सफेद और नारंगी रंगों से रोशन किया गया। इस खास मौके पर लोकप्रिय टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के कलाकार भी भारतीय समुदाय के साथ आजादी के जश्न में शामिल हुए। कार्यक्रम में शो के निर्माता असित कुमार मोदी के साथ दिलीप जोशी, मंदार चंदवादकर और सोनालिका जोशी मौजूद रहे। अभिनेता अदिवि शेष ने भी समारोह में हिस्सा लिया। एम्पायर स्टेट बिल्डिंग की यह खास लाइटिंग फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशंस के साथ आयोजित इंडिया डे सेलिब्रेशन का हिस्सा थी। इस बार कार्यक्रम की थीम 'हार्मनी इन हेरिटेज' रखी गई थी, जिसके जरिए भारतीय-अमेरिकी समुदाय की साझा विरासत, परंपराओं और योगदान को सामने लाया गया। तिरंगे के रंगों में रोशन हुई इमारत ने न्यूयॉर्क की खूबसूरत स्काईलाइन को और खास बना दिया। समारोह के दौरान 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की कास्ट ने लाइटिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। कलाकारों ने लाइट स्विच दबाकर एम्पायर स्टेट बिल्डिंग के टावर को भारतीय रंगों में रोशन किया। पारंपरिक परिधानों में पहुंचे कलाकारों ने इस यादगार पल को तस्वीरों में भी कैद किया। इसके बाद कलाकारों ने एम्पायर स्टेट बिल्डिंग के 86वें फ्लोर स्थित ऑब्जर्वेशन डेक का दौरा किया और वहां से न्यूयॉर्क शहर के शानदार नजारों का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने तस्वीरें भी खिंचवाईं। विदेश की धरती पर तिरंगे के रंगों में जगमगाती दुनिया की मशहूर इमारत और भारतीय कलाकारों की मौजूदगी ने स्वतंत्रता दिवस के जश्न को यादगार बना दिया।

### सीट को लेकर ट्रेन में भिड़ी मॉडल अभिनेत्री अंतरा बनर्जी

# आरपीएफ जवानों पर रेजर ब्लेड से हमले का आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांद्रा-गंगानगर अरावली एक्सप्रेस में सीट को लेकर हुआ विवाद उस समय हंगामे में बदल गया, जब 31 वर्षीय मॉडल-अभिनेत्री अंतरा बनर्जी पर आरपीएफ जवानों और रेलवे कर्मचारी के साथ मारपीट करने तथा रेजर ब्लेड से हमला करने का आरोप लगा। पुलिस की एफआईआर के मुताबिक ठाणे की रहने वाली अंतरा 12 अगस्त की रात ओटीटी प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए सूरत जा रही थीं। ट्रेन के दहानू स्टेशन पहुंचने पर उन्हें उतारकर रेलवे पुलिस के हवाले कर दिया गया। अगले दिन बोरीवली रेलवे पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया।



बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस के अनुसार विवाद तब शुरू हुआ, जब एक यात्री ने अंतरा से उनकी आरक्षित सीट खाली करने को कहा। उनके कथित तौर पर सीट खाली नहीं करने पर आरपीएफ जवानों और टिकट चेकर को बुलाया गया। आरोप है कि इसके बाद अंतरा ने अधिकारियों के साथ बहस की और आक्रामक व्यवहार किया। गवाहों के मुताबिक वह इस बात से परेशान थीं कि उन्हें एसी कोच का टिकट नहीं मिला था और वह स्लीपर क्लास के टिकट पर एसी कोच में पहुंच गई थीं। शिकायत में आरपीएफ की एएसआई यामिनी कांत मिश्रा ने आरोप लगाया कि स्थिति बिगड़ने पर अंतरा ने कथित तौर पर कपड़े उतार दिए और रेजर ब्लेड लहराते हुए उन पर, कांस्टेबल राजेश कुमार और टिकट चेकर हरिकेश त्रिपाठी पर हमला किया। आरोप है कि इस दौरान रेलवे कर्मचारियों को चोटें आईं। अंतरा पर आरपीएफ की वर्दी और मोबाइल फोन को नुकसान पहुंचाने तथा चश्मा तोड़ने का भी आरोप है। यह पूरा घटनाक्रम रात करीब 9:30 बजे से 10:50 बजे तक चला। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ कर्मचारियों ने एसी कोच के दरवाजे बंद कर दिए। आरोप है कि बाहर निकलने की कोशिश में अंतरा ने कोच का कांच भी तोड़ दिया। करीब एक घंटे से ज्यादा चले हंगामे से ट्रेन में मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई। जीआरपी के मुताबिक अंतरा के खिलाफ यात्रियों की सुरक्षा खतरे में डालने, सरकारी कर्मचारियों से मारपीट और चोट पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। एफआईआर 13 अगस्त को दर्ज की गई थी। अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच जारी है और घटना से जुड़े आरोपों की पुलिस जांच कर रही है।

# नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर राजा सेन का निधन



## 71 की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बंगाली सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर और तीन बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुके राजा सेन का रविवार को 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे राजा सेन का कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में इलाज चल रहा था। हाल ही में उनकी हालत गंभीर होने के बाद उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। राजा सेन ने बंगाली सिनेमा के साथ टेलीविजन और डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण में भी अपनी अलग पहचान बनाई। मानवीय रिश्तों और बंगाल की संस्कृति को पर्दे पर उतारने के लिए मशहूर थे राजा सेन। राजा सेन की स्वास्थ्य समस्याएं कई वर्षों पहले शुरू हुई थीं।

फिल्म 'माया मृदंग' की शूटिंग के दौरान गिरने से उनकी पीठ में गंभीर चोट लगी थी। इस साल उनके शरीर के निचले हिस्से में कमजोरी बढ़ गई थी और जांच में न्यूरोलॉजिकल समस्या सामने आई थी। फरवरी में उनकी बड़ी सर्जरी भी हुई थी, जिसके बाद कुछ समय तक उनकी हालत में सुधार रहा, लेकिन बाद में तबीयत फिर बिगड़ गई। टीवी से शुरू हुआ था फिल्मी सफर। 10 नवंबर 1955 को कोलकाता में जन्मे राजा सेन ने करियर की शुरुआत बंगाली टेलीविजन से की। 'आदर्श हिंदू होटल', 'आरोग्य निकेतन' और 'ताराशंकर छोटो गल्पो' जैसे कार्यक्रमों का निर्देशन किया। उनकी पहली फीचर फिल्म 'दामु' 1996 में आई और इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इसके बाद 'आत्मीय स्वजन' को परिवार कल्याण पर बनी सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सुचित्रा मित्रा पर बनाई डॉक्यूमेंट्री को सर्वश्रेष्ठ कला/सांस्कृतिक फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। 'लैबोरेटरी', 'देश', 'देबीपक्ष' और 'माया मृदंग' जैसी उनकी फिल्मों ने भी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। राजा सेन अपने पीछे पत्नी पापिया सेन और बेटियों सुभाश्री सेन व श्रेयोशी सेन को छोड़ गए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में मेहदी हसन मिराज का ऐतिहासिक धमाका

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डार्विन टेस्ट में शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। उन्होंने बल्ले से अर्धशतक लगाने के बाद गेंद से पांच विकेट लेकर बांग्लादेश की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। मेहदी ने पहली पारी में नंबर-7 पर बल्लेबाजी करते हुए 154 गेंदों पर 65 रन बनाए। इसके बाद दूसरी पारी में 66 रन देकर पांच ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराकर टेस्ट क्रिकेट में खास उपलब्धि हासिल की।





मेहदी हसन मिराज ऑस्ट्रेलिया में एक ही टेस्ट मैच में 50 से ज्यादा रन बनाने और पांच विकेट लेने वाले पहले एशियाई स्पिनर बन गए हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पिछले 149 वर्षों में केवल 13 स्पिनर ही टेस्ट मैच में 50 से अधिक रन और पांच विकेट का कारनामा कर सके हैं। मेहदी से पहले इस सूची में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी का नाम शामिल था। विटोरी ने नवंबर 2004 में एडिलेड टेस्ट में पहली पारी में पांच विकेट लिए थे और दूसरी पारी में 59 रन बनाए थे।

हालांकि, मेहदी इस तरह के प्रदर्शन के साथ कुल पांचवें एशियाई खिलाड़ी हैं। उनसे पहले भारत के रुसी सुर्ती, कपिल देव, पाकिस्तान के वसीम अकरम और आमेर जमाल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। रुसी सुर्ती ने दिसंबर 1967 में एडिलेड

## गेंद और बल्ले से रचा अनोखा रिकॉर्ड

टेस्ट में यह कारनामा किया था। इसके बाद 1990 में वसीम अकरम, 1992 में कपिल देव और जनवरी 2024 में आमेर जमाल ने इस खास क्लब में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में पांच विकेट लेने के साथ मेहदी हसन मिराज ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अपने 100 विकेट भी पूरे कर लिए। वह डब्ल्यूटीसी में 100 विकेट लेने वाले दूसरे बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए हैं। इतना ही नहीं, मेहदी ने डब्ल्यूटीसी में 1000 रन और 100 विकेट का डबल भी पूरा कर लिया है। उनके इस शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने डार्विन टेस्ट को बांग्लादेश क्रिकेट के लिए यादगार बना दिया।

# वाराणसी एयरपोर्ट पर पिस्टल जांच के दौरान अचानक चली गोली

**यूनिक समय, वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रविवार सुबह हथियार की जांच के दौरान अचानक गोली चलने से महिला समेत दो कर्मचारी घायल हो गए। घटना करीब 9:30 बजे की बताई गई है। आजमगढ़ निवासी शिवसेना नेता कमलेश राय अपनी पत्नी के साथ मुंबई जाने के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान पकड़ने पहुंचे थे। उन्होंने लाइसेंसी पिस्टल को विमान में ले जाने के लिए पहले ही घोषित किया था। सुरक्षा जांच के दौरान पिस्टल से एक राउंड फायर हो गया। गोली पहले फर्श से टकराई और बाद में महिला कर्मचारी सुमन की जांघ में लगी, जबकि गोली के छर्रे रोहित राज के हाथ में लगे। दोनों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया।



पुलिस के अनुसार कमलेश के पास लाइसेंसी पिस्टल और 21 कारतूस मिले। अधिकारियों ने कई घंटे पूछताछ के बाद उन्हें फूलपुर थाने ले जाकर जांच शुरू की। घायल कर्मचारी रोहित ने बताया कि जांच के दौरान पिस्टल में गोली लोड थी और ट्रिगर दबने से फायर हुआ। कमलेश ने पुलिस को बताया कि उसे लगा चैंबर खाली है और गलती से गोली चल गई। घटना के बाद एयरपोर्ट पर पुलिस और खुफिया टीम पहुंची तथा हथियार की जांच की गई। अधिकारियों के मुताबिक पिस्टल का अखिल भारतीय परमिट था

### महिला सहित दो कर्मचारी घायल

### हथियार जांच के दौरान अचानक फायर हुआ

### एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बढ़ी चिंता

और मानक प्रक्रिया के तहत जांच की जा रही थी। स्वतंत्रता दिवस के कारण एयरपोर्ट को पहले से उच्च सतर्कता क्षेत्र घोषित किया गया था। इसके बावजूद फायरिंग की घटना से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे हैं। पुलिस अब घटना की परिस्थितियों और लापरवाही के पहलुओं की जांच कर रही है।

# अवंतीबाई का बलिदान युवाओं को देता है नई प्रेरणा: योगी




**यूनिक समय, लखनऊ।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 196वीं जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने उन्हें 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगनाओं में शामिल बताते हुए कहा कि उनका तप, त्याग और बलिदान देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि महज 27 वर्ष की उम्र में रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी अवंती बाई का जीवन युवाओं को देशहित में समर्पण की प्रेरणा देता है। उनके साहस और नेतृत्व को याद करते हुए प्रदेश सरकार वीरांगनाओं के सम्मान और महिला सशक्तीकरण को आगे बढ़ा रही है। योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में तीन नई महिला पीएसी बटालियन वीरांगनाओं के नाम पर गठित की जा रही हैं। बदायूं में रानी अवंती बाई लोधी के नाम से महिला पीएसी वाहिनी का गठन लगभग पूरा हो चुका है और वहां उनकी अश्वारोही प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। लखनऊ


### तीन महिला पीएसी बटालियन में प्रतिमाएं स्थापित होंगी

### महिला सुरक्षा और स्वावलंबन पर सरकार का जोर

में ऊदा देवी पासी और गोरखपुर में झलकारी बाई के नाम पर बटालियन बनाई जा रही हैं। दोनों स्थानों पर उनकी अश्वारोही प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश पुलिस में महिलाओं की संख्या 2017 के करीब 10 हजार से बढ़कर अब 45 हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती में 20 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में बराबरी से योगदान दे सकें।

# हनीमून पर पीरियड आने पर पत्नी को पीटा, 45 दिन में टूटी शादी



**यूनिक समय, गोरखपुर।** गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र की 28 वर्षीय महिला ने पति और ससुरालवालों पर गंभीर उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि शादी के बाद अंडमान निकोबार में हनीमून के दौरान उसे माहवारी आ गई, जिससे पति नाराज हो गया। आरोप है कि पति ने होटल में उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। होटल कर्मचारियों के हस्तक्षेप के बाद उसकी जान बची। बाद में दिल्ली स्थित ससुराल में भी उसे प्रताड़ित किया गया और शादी के करीब 45 दिन बाद घर से निकाल दिया गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति,

### दहेज के लिए लाखों रुपये देने का आरोप

सास और ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला के मुताबिक, जुलाई 2023 में पति उसे अंडमान निकोबार घुमाने ले गया था। वहां तबीयत बिगड़ने और अधिक रक्तस्राव होने पर वह परेशान हो गई। आरोप है कि इसी बात पर पति भड़क गया और थप्पड़, लात-घूंसे मारने के बाद गला दबाने लगा। होटल कर्मचारियों ने हस्तक्षेप किया।

महिला ने पुलिस को बताया कि शादी में उसके पिता ने 20 लाख रुपये नकद, कार और अन्य सामान समेत 40 लाख रुपये से अधिक खर्च किए थे। आरोप है कि इसके बावजूद ससुराल पक्ष ने उसका उत्पीड़न किया।


पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पत्नी पर शक में पिता ने मासूम बेटी को यमुना में फेंका

**यूनिक समय, आगरा।** सिकंदरा के अकबरा पुल पर शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आरोप है कि पत्नी के चरित्र पर शक करने वाले रिंकू ने अपनी 11 माह की बेटी को यमुना में फेंक दिया। इसके बाद उसने पत्नी को भी नदी में धक्का देने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर राहगीरों ने उसे बचाया और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें बच्ची की तलाश में यमुना में अभियान चला रही हैं।

पुलिस के मुताबिक रिंकू पत्नी लक्ष्मी और बेटी के साथ बाइक से आगरा आया था। अकबरा पुल पर उसने फोटो खींचने के बहाने पत्नी से बच्ची को लिया और नदी में फेंक दिया। पत्नी ने विरोध किया तो उसे भी धक्का देने का प्रयास किया गया। राहगीरों ने महिला को बचाया और आरोपी को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बच्ची को अपनी संतान मानने से इनकार करते



### फोटो खींचने के बहाने बच्ची को लिया था

### पत्नी के चरित्र पर शक को बताया वजह

हुए पत्नी पर शक करने की बात कही। दंपति के बीच पिछले कई महीनों से विवाद चल रहा था। महिला ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट के आरोप भी लगाए हैं। परिवार के अनुसार बच्ची का पहला जन्मदिन 17 अगस्त को था। पुलिस मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# परिसीमन नहीं, सीमाओं की सुरक्षा जरूरी है: अखिलेश यादव

**यूनिक समय, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश को इस समय परिसीमन से ज्यादा अपनी सीमाओं की सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार बताए कि 2014 में देश का क्षेत्रफल कितना था और अब कितना है। अखिलेश ने सीमाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करते हुए केंद्र से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर हजरतगंज में श्रद्धांजलि देने के बाद अखिलेश ने महंगाई, ई-20 पेट्रोल और किसानों से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद और डीएपी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लखनऊ में कूड़े की स्थिति पर भी उन्होंने सवाल उठाए।

अखिलेश ने सरकार के बड़े पैमाने पर पौधरोपण के दावों पर सवाल उठाते



### महंगाई और ई-20 को लेकर सरकार पर निशाना साधा


### पेड़ लगाने के दावे पर भी मांगा हिसाब

हुए पूछा कि लगाए गए पेड़ आखिर कहां हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के अधिकारों की लड़ाई जारी रखेगी और लोगों को जागरूक कर समाज को जोड़ने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने बंद किए गए स्कूलों और सड़कों की खराब स्थिति को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा।

# यूपी में बारिश से हा-हाकार, घरों में घुसा पानी

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून के फिर सक्रिय होने से रविवार को कई जिलों में भारी बारिश हुई। लखनऊ कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज और बरेली समेत कई शहरों में सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। लखनऊ में तड़के करीब तीन बजे शुरू हुई तेज बारिश ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी। कई इलाकों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया। सड़कें तालाब बन गईं और कई बाइक व कारें पानी में फंस गईं। जानकीपुरम समेत कई इलाकों में पानी घरों और दुकानों तक पहुंच गया।

प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। गंगा, यमुना समेत करीब 11 नदियां उफान पर हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी और बरदहा नदी का पानी बढ़ने से रामघाट की सीढ़ियां डूब गईं। यूपी-एमपी को जोड़ने वाला छोटा पुल भी जलमग्न हो गया। उन्नाव में गंगा का



पानी बस्तियों में घुसने से लोगों को छतों का सहारा लेना पड़ा। वाराणसी में घाट किनारे बने कई छोटे मंदिर पानी में डूब गए। जालौन में बारिश का अलग ही दृश्य देखने को मिला। प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पानी भरने के बावजूद पुजारी और श्रद्धालुओं ने घुटनों तक पानी में खड़े होकर भगवान शिव की आरती की। प्रयागराज में भी गंगा और यमुना के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों में बारिश का

### लखनऊ में सड़कें बनीं तालाब, घरों में घुसा पानी

### 35 जिलों में बारिश अगले तीन दिन मौसम चुनौतीपूर्ण

अलर्ट जारी किया है और कई जगह भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से मानसून सक्रिय हुआ है। अगले तीन दिन भी प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में पहुंचकर राहत और बचाव व्यवस्था की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

# अबान की मौत पर पल्लवी पटेल ने अहजम से मुलाकात की

**यूनिक समय, प्रयागराज।** सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने माफिया अतीक अहमद के बेटे अहजम से मुलाकात कर अबान अहमद की सड़क हादसे में हुई मौत पर दुख जताया। मुलाकात के दौरान उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों से भी बातचीत की। पल्लवी पटेल ने इस मुलाकात को अपने पिता और अपना दल के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल से जुड़े पुराने संबंधों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि अतीक अहमद ने उनके पिता का साथ दिया था। मुलाकात की तस्वीरें सामने आने के बाद राजनीतिक और सामाजिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# वंदे मातरम के गायन को लेकर मचा सियासी बवाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के गायन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब सियासी और कानूनी मोड़ ले चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के निंबाहेड़ा में कांग्रेस और सोनिया गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने वंदे मातरम का गायन बीच में रुकवाने का इशारा किया। शाह ने कहा कि देश की जनता इसे माफ नहीं करेगी और कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

अमित शाह ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के चलते कांग्रेस ने वंदे मातरम को उचित सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से राष्ट्रीय गीत को फिर सम्मान मिल रहा है। शाह के बयान के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। हालांकि कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को गलत बताया है और कहा है कि सोनिया गांधी का इरादा गीत रोकने के लिए नहीं था। विवाद के बीच कर्नाटक के मंगलूरू में भाजपा नेता विकास पुत्तूर ने सोनिया गांधी के खिलाफ उरवा थाने में लिखित शिकायत दी।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम के दौरान कथित तौर पर व्यवधान पैदा किया गया। शिकायतकर्ता ने प्राथमिकी दर्ज

## सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा नेताओं ने दर्ज कराई शिकायत

## शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कांग्रेस को मांगनी चाहिए माफी

करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर उच्च न्यायालय का रुख करेंगे। वंदे मातरम को लेकर उठे इस विवाद ने भाजपा-कांग्रेस के बीच राष्ट्रवाद और राजनीतिक मर्यादा पर नई बहस छेड़ दी है। दोनों दल अपने-अपने रुख पर कायम हैं और मामला लगातार तूल पकड़ रहा है।

# पांच बार के विधायक ने टीएमसी कार्यालय में लगाई फांसी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और पांच बार विधायक रहे आशीष बनर्जी का शव रविवार सुबह बीरभूम जिले के रामपुरहाट स्थित टीएमसी कार्यालय में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से एक कथित सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इसमें उन्होंने पार्टी के कुछ गलत कामों का विरोध नहीं कर पाने और राजनीति में आने पर अफसोस जताया। उन्होंने खुद को भ्रष्टाचार से दूर बताया और कई सरकारी कामों में अपनी भूमिका होने से इनकार किया।

नोट में रेत टेंडर, योजना मंजूरी, अनापत्ति प्रमाणपत्र और चेक से जुड़े मामलों का जिक्र है। उन्होंने लिखा कि काम के बदले कभी पैसे नहीं लिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजन के अनुसार, एक दिन पहले तक उनकी गतिविधियां सामान्य थीं और उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा भी फहराया था। आशीष बनर्जी 2001 से 2021 तक रामपुरहाट सीट से



## सुसाइड नोट में पार्टी गतिविधियों पर उठाए सवाल

## पांच बार विधायक रहे चुनाव में हारे थे

लगातार पांच बार विधायक रहे। वह ममता सरकार में मंत्री और विधानसभा के उपाध्यक्ष भी रहे। हालांकि 2026 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार मिली थी। दो जून को उन्होंने बीरभूम जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था। घटना के बाद राजनीतिक गलियारों में भी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

# सेल्फी के दौरान नदी में गिरी किशोरी, शव बरामद



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दादरा और नगर हवेली के सिलवासा में 15 अगस्त की शाम दर्दनाक हादसा हो गया। नक्षत्रवन गार्डन घूमने पहुंची 15 वर्षीय काजल कुमारी सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से दमणगंगा नदी के तेज बहाव में जा गिरी। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और पुलिस तथा अग्निशमन दल ने तलाश शुरू की। कई घंटे तक चले अभियान के बावजूद शनिवार देर शाम तक किशोरी का पता नहीं चल सका। रविवार सुबह फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया और करीब 7:30 बजे नदी से काजल का शव बरामद कर लिया गया।

काजल अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी पर नक्षत्रवन गार्डन घूमने गई थी। परिवार नदी किनारे

## सेल्फी लेते समय अचानक नदी में जा गिरी

## सुबह रेस्क्यू में मिला किशोरी का शव

मौजूद था, तभी काजल तस्वीर लेने लगी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गई। परिजनों की सूचना पर स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मौके पर पहुंचा।

देर शाम तक नदी में तलाश जारी रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। अगले दिन सुबह टीम ने दोबारा अभियान चलाया और शव बरामद किया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा है। घटना ने खतरनाक स्थानों पर सेल्फी लेने के दौरान सावधानी बरतने की जरूरत को फिर उजागर किया है।

# बंगाल में कांग्रेस नेता और बेटे की गोली मारकर हत्या



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में स्वतंत्रता दिवस की रात कांग्रेस नेता अनीसुर रहमान और उनके बेटे अबू सुफियान की हत्या कर दी गई। दोनों कार से घर लौट रहे थे, तभी बेथुआडहरी रेलगेट के पास हमलावरों ने वाहन रोककर गोलियां बरसाईं। इसके बाद कार का दरवाजा खोलकर धारदार हथियारों से भी हमला किया गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। अनीसुर प्रदेश कांग्रेस समिति के सदस्य और नादिया जिला कांग्रेस के महासचिव थे। उनका बेटा कल्याणी से कानून की पढ़ाई कर रहा था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव अस्पताल भिजवाए। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें हरनगर की पंचायत प्रमुख फातिमा

## कार रोककर गोलियां चलाईं, फिर हमला किया

## परिजनों ने राजनीतिक रंजिश का आरोप लगाया

बीवी, साहेब अली मंडल और मिथुन शेख शामिल हैं। पुलिस राजनीतिक रंजिश समेत कई पहलुओं से जांच कर रही है। मृतक के परिजनों ने स्थानीय तृणमूल नेता जुबेर शेख और उसके सहयोगियों पर हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, जुबेर फिलहाल जेल में है और उसके खिलाफ भी जांच की जा रही है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने दोहरी हत्या की निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच और राज्य की कानून-व्यवस्था पर जवाब मांगा है।

# दिमागी नक्सली होने पर मुझे गर्व है: चिदंबरम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिमागी नक्सली' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। चिदंबरम ने कहा, "मुझे दिमागी नक्सली होने पर गर्व है।" उनका यह बयान प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से दिए संबोधन के एक दिन बाद आया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को अपने संबोधन में कहा था कि देश को दिमागी नक्सलियों से सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि माओवादी विचारधारा वाले लोगों ने लंबे समय तक सत्ता के गलियारों में प्रभाव बनाए रखा और नीतियों को प्रभावित किया। मोदी ने नागरिकों से ऐसे लोगों को पहचानकर अलग-थलग करने की अपील की थी।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के बयान की आलोचना की। पार्टी नेता जयराम रमेश ने 'दिमागी नक्सल' शब्द को खोखला बताते हुए कहा कि पहले जाति



## मोदी ने ऐसे लोगों को अलग करने को कहा

## कांग्रेस ने बयान को राजनीतिक प्रचार बताया

जनगणना जैसी मांगों को इसी तरह के आरोपों से खारिज किया गया, लेकिन बाद में सरकार ने इन्हीं मांगों को स्वीकार किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विरोधियों की मांगों को पहले बदनाम किया जाता है और बाद में उन्हें अपना लिया जाता है।

# विजय की मां पर टिप्पणी से घिरे तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की मां को लेकर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन के खिलाफ पुलिस महानिदेशक के पास शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता ने टिप्पणी को आपत्तिजनक बताते हुए जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कार्यक्रम की वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित करने की मांग भी की गई है।

यह विवाद 15 अगस्त को चेन्नई स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में नागेंद्रन के एक कार्यक्रम में दिए बयान के बाद शुरू हुआ। उन्होंने विधानसभा में विजय के पिता को लेकर किए गए राजनीतिक तंज का जवाब देते हुए उनकी मां का संदर्भ दिया। बयान सामने आने के बाद तमिलनाडु की राजनीति में विवाद बढ़ गया और विभिन्न दलों ने इसकी आलोचना



## राजनीतिक तंज के जवाब में बढ़ा विवाद

## व्यक्तिगत टिप्पणी को लेकर बढ़ा सियासी दबाव

की।

विवाद के बीच भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई समेत कई नेताओं ने व्यक्तिगत और पारिवारिक टिप्पणियों से बचने की बात कही। उनका कहना है कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद नेताओं के परिवार को निशाना बनाना उचित नहीं है। मामले ने राज्य की राजनीति में बयानबाजी और राजनीतिक मर्यादा को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

# बारिश में धंसा नेशनल हाईवे, तीन ट्रक खाई में गिरे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ओडिशा के केंद्रापड़ा जिले में रविवार को लगातार हो रही भारी बारिश के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-53 का बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। पारादीप-चंडीखोल मार्ग पर मार्शाघाई के नीलाचल बाजार के पास हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। सड़क धंसने के दौरान वहां से गुजर रहे तीन ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरे। हादसे के बाद इस मार्ग पर यातायात प्रभावित हो गया।

नीलाचल बाजार के समीप एनएच-53 के जिस हिस्से में धंसाव हुआ, वहां हाल ही में निर्माण कराया गया था और काम अभी जारी था। बारिश के बीच अचानक सड़क नीचे



बैठने लगी और देखते ही देखते सड़क का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसी दौरान गुजर रहे तीन ट्रक इसकी चपेट में आकर पलट गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

सड़क धंसने के कारण हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित हिस्से को सुरक्षित करने की कार्रवाई शुरू

## लगातार बारिश से हाईवे का नया हिस्सा धंसा

## तीन ट्रक खाई में गिरने से मची अफरा-तफरी

की। फिलहाल सड़क धंसने की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हुई है। हालांकि लगातार बारिश और निर्माणाधीन हिस्से की स्थिति को देखते हुए सड़क की गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। प्रशासन यातायात सामान्य कराने में जुटा है।

# ध्वजारोहण में दिखी राष्ट्रभक्ति,उमंग और उल्लास



श्री कृष्ण आदर्श इंटर कॉलेज भदाल में भारत माता की झांकी के साथ बच्चे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार शर्मा, मोहित लवानियां, सुरजीत चौधरी, मनोज कुमार, बिपिन चौधरी, राहुल प्रजापति, राधा पारिहार, कनिष्का, पूजा शर्मा, सोनिया शर्मा, सपना, देवकी शर्मा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## वृंदावन के आजाद मैदान पर कांग्रेसियों ने किया झंडारोहण



स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, वृंदावन।** स्वतंत्रता दिवस पर गोविन्द देव मंदिर स्थित आजाद मैदान पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष चंद्रमोहन शर्मा (पिंटू पुजारी) ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। कांग्रेसजनों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सोहन सिंह सिसोदिया, ब्रजेश शर्मा गली वाले, नूतन बिहारी पारीक, श्रीकांत सारस्वत, प्रमोद खंडेलवाल, आलोक शर्मा, रामबाबू शर्मा, चंद्रमोहन जायसवाल, महेश गौतम, दामोदर स्वामी, पी.डी. गौतम, डब्बन शर्मा, वैभव गौतम, जतिन भारद्वाज, दीपक वार्ष्णेय, साधुराम फौजी, कुलदीप गौतम, हर्ष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



आइडियल स्कूल फरह में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**यूनिक समय, मथुरा।** कस्बों और गांवों में स्वतंत्रता दिवस का उल्लास दिखा। शिक्षण संस्थान और सरकारी कार्यालयों में उमंग के साथ ध्वजारोहण किया गया। सांस्कृतिक और देशभक्ति आधारित कार्यक्रम किए गए। सर्वोदय इंटर कॉलेज चौमुहां में झंडारोहण प्रबंधक डॉ. सिद्धार्थ सिसोदिया और बीडीओ सलोनी गौतम की उपस्थिति में प्रबंधक डॉ. हुकम सिंह सिसोदिया ने किया। इस दौरान प्रेमचंद शर्मा, पत्रकार सत्यपाल , राजकुमार, योगेंद्र पाल सिंह, प्रधानाचार्य रूमा कुमारी आदि मौजूद रहे। संचालन गिरीश चंद शर्मा ने किया। भूगोल प्रवक्ता छोटेलाल, रोशन सिंह, अजय कुमार, कृष्ण पाल सिंह, अखिलेश कुमार सिंघल , हरिओम सिंह, यतींद्र कुमार ,जयंत कुमार, श्यामलाल ,सुभाष चंद्र मौर्य, अवधेश कुमार पटेल ,सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार ,श्रीकांत शर्मा ,विवेक कुमार ,राहुल शर्मा ,खेमचंद शर्मा ,सतीश कुमार ,हरिकिशन आदि उपस्थित रहे।

फरह के आइडियल स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह, जयपाल वर्मा,प्रबंधक ओम प्रकाश शर्मा ने किया। इस मौके पर सभासद दिनेश, धर्मवीर, तरकर गौरव अग्रवाल, मंजर आलम सहित विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं, छात्र–छात्राएं और अन्य लोग मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस और रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर तिरंगा पार्क में आयोजित समारोह में जेन–जी के ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल आदि मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों पर देश भक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, प्रभात फेरियां निकाली गयी। ध्वजारोहण के साथ मिष्ठान वितरित किया गया।

नगर पंचायत कार्यालय, कटरा बाजार नेहरू पार्क, शहीद स्मारक और अंबेडकर पार्क पर चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। सभासद सरवन अहमदस अम्बेडकर समाज सुधार समिति अध्यक्ष गुलाब चौधरी आदि मौजूद थे। श्रीमती प्रेमलता महाविद्यालय में ध्वजारोहण चंद्रप्रकाश अग्रवाल और जगदीश अग्रवाल ने किया। प्राचार्य दीप्ती कुलश्रेष्ठ, रविकुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। प्रेमलता अग्रवाल गर्ल्स इंटर कालेज में ध्वजारोहण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, रेनू अग्रवाल ने किया। चंद्रप्रकाश अग्रवाल, प्रधानाचार्य राजवती शर्मा आदि मौजूद थे। राया बाल मंदिर स्कूल में ध्वजारोहण चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने किया। राष्ट्रीय इंटर कालेज में ध्वजारोहण प्रबंधक अरविंद शर्मा ने किया। प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह तथा अभिषेक पाराशर आदि मौजूद रहे। थाना में ध्वजारोहण प्रभारी कर्मवीर सिंह ने किया। स्वामी दयानंद सरस्वती शिशु मंदिर में ध्वजारोहण प्रबंधक विशाल पाराशर ने किया । स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा सुल्तानगंज से प्रारंभ होकर रेतिया बाजार, मांट मार्ग, मथुरा मार्ग, कटरा बाजार होते हुए सुल्तानगंज में समापन हुई। तिरंगा यात्रा में हिन्दू–मुस्लिम समुदाय के युवा बुजुर्ग बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर नीरज अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, सलीम कुरैशी, जगदीश चौधरी, शाबिर कुरैशी और फईम कुरैशी आदि मौजूद थे।



शेरगढ़ थाना को फूलों और तिरंगे रंग के गुब्बारों से सजाया गया। क्राइम इंस्पेक्टर अरविन्द सिंह ने पुलिसकर्मियों को देश की एकता, अखंडता– कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उपनिरीक्षक सूरज ने पुलिसकर्मियों की परेड कराई।



सुरीर के सुरीर कलां क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज प्रबंधक सुशील कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. शिवाजी सिंह ने ध्वजारोहण किया। जीवनलाल, अवधेश कुमार, शिवम सिंह, हरि सिंह, कीर्ति मिश्रा, मदन मोहन शर्मा, प्रवक्ता रचना सैनी, दिनेश कुमार गुप्ता सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



मथुरा रिफाइनरी में ध्वजारोहण करते कार्यकारी निदेशक मुकुल अग्रवाल।



कोसीकला में ध्वजारोहण करते कांग्रेसजन। इस दौरान कांति प्रसाद गर्ग, नगर अध्यक्ष विपिन कुमार त्यागी, रामचरण उर्फ बेनामी ठाकुर,सुनील चंद जैन, महेश महावर ,महेंद्र मंगला,जमीन रौनक, गिरीराज पालीवाल, डॉ प्रमोद शर्मा जी, कांति प्रसाद गर्ग, योगेश शर्मा , नवीन कुमार , डॉ. जीवन लाल माहौर, सोहनलाल मास्टर आदि मौजूद रहे।

## हरियाली तीज महोत्सव में रिश्तों की बगिया महकी



हरियाली तीज महोत्सव मनातीं जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट की महिलाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ मथुरा वेस्ट की ओर से स्थानीय होटल में हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रथम महिला अर्चना अग्रवाल की संकल्पना पर कार्यक्रम की थीम 'रिश्तों की बगिया' रखी गई।

क्षेत्राधिकारी नगर आशना चौधरी ने शिव–पार्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भावना अरोड़ा ने परिचय कराया। अध्यक्ष दिनेशचंद्र अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल ने बुके व पटुका पहनाकर स्वागत किया, जबकि अनिल शर्मा व सुमनलता शर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रिश्तों की अहमियत को गीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अर्चना अग्रवाल ने पूर्व अध्यक्ष जगदीश व रेनू चावला को माता–पिता तुल्य सम्मान देते हुए भावपूर्ण प्रस्तुति दी। निधि तोमर, श्रेया और ऋषभ ने आधुनिक परिवार की समस्याओं पर आधारित प्रस्तुति दी। संगीता सिंघल, नीता मित्तल, सुमन शर्मा ने सास–बहू के रिश्ते को मंच पर जीवंत किया। किरन चुग व लता अरोड़ा ने पंजाबी परिवार में पति–पत्नी की नोंक–झोंक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इस मौके पर चारु, भूपेंद्र अग्रवाल, मंजू, जितेंद्र सिंह, गुंजन व नवीन अग्रवाल ने फिल्मी गीतों पर नृत्य किया। रिचा–ज्योति, बबीता राजपाल, पूनम अग्रवाल, पूजा शर्मा, संगीता, अर्चना, पूनम गुप्ता की प्रस्तुतियों ने समां बांधा। सामूहिक राजस्थानी घूमर ने कार्यक्रम में रंग भर दिया।

## आरोग्य प्लस हॉस्पिटल में लगा नि:शुल्क स्पाइन शिविर



आरोग्य प्लस हॉस्पिटल में मरीज को देखते डॉ.पंकज गुप्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस पर आरोग्य प्लस हॉस्पिटल में स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) के दर्द से निजाद दिलाने के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में न्यूरों स्पाइनल सर्जन डॉ.पंकज गुप्ता ने दर्जनों लोगों की निःशुल्क जांच कर परामर्श दिया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का सही अर्थ शरीर को बीमारियों और दर्द से मुक्त करना भी है। रीढ़ की हड्डी के दर्द से जूझ रहे मरीजों को सही समय पर सही इलाज मिले ताकि वे दर्दमुक्त और स्वस्थ जीवन जी सकें।

## झोलाछाप के उपचार से बच्ची की मौत

**यूनिक समय, फरह।** थाना क्षेत्र के गांव परखम मुस्तफाबाद में झोलाछाप के उपचार से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक ऐसी जानकारी से इन्कार कर रहे हैं। गांव मुस्तफाबाद निवासी दीपक की दो वर्षीय पुत्री की इलाज के दौरान मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि बच्ची का इलाज एक झोलाछाप द्वारा किया गया, कथित लापरवाही के चलते बच्ची की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद बच्ची की मौत हो गई। जानकारो का दावा है कि देर रात दलालों ने सांठ गांठ कर मामला रफा दफा किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने भी इस मामले पर संज्ञान देना उचित नहीं समझा। बच्ची को आए तेज बुखार में दी गई दवा से तत्काल मौत का कारण और दवा की जांच करने का प्रयास नहीं किया।

## तीन दिन बाद युवक का शव कुएं से मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोवर्धन के गांव भगोसा से गायब हुए युवक का शव तीन दिन बाद कुएं से मिला। पुलिस ने शव का पंचननामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया गया कि गांव भगोसा निवासी मोनू फोजदार तीन दिन से लापता हो गए थे। परिवार के लोग उन्हें तलाश रहे थे। तीन दिन बाद उनका शव गांव के एक कुंए से मिला है। परिवार के लोगों को उनके साथ किसी अन्हौनी की आशंका है।



विद्युत प्रांगण में ध्वजारोहण के बाद उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल विद्युत सेवा वाहन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते मुख्य अभियंता राजीव गर्ग।



वृंदावन में निकाली तिरंगा बाइक रैली में शामिल व्यापारी।



स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा झंड़ों के साथ हाईवे सिटी कॉलोनी की महिलाएं।

## ट्रेन से गिर कर किशोर मरा

**यूनिक समय मथुरा।** ट्रेन से गिर कर एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, कार्तिक (17) पुत्र मिठ्ठन लाल निवासी सराल थाना स्याना जिला बुलंदशहर यात्रा के दौरान किसी ट्रेन से गिर गया। पुलिस को शव पड़े होने की जानकारी मिली पुलिस ने शव को बरामद करने के बाद उसके परिवार के लोगों को जानकारी दी।